पढ़े चलो, बढ़े चलो

RASHTRIYA MADHYAMIK SHIKSHA ABHIYAN

# प्रश्न बैंक

## सत्र 2022 - 23

## कक्षा - 11वी

## विषय - हिन्दी

**समग्र शिक्षा अभियान (सेकेन्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल
हायर सेकेण्डरी परीक्षा सत्र 2022–23
**BLUE PRINT OF QUESTION PAPER**

कक्षा :– 11वीं
विषय :–हिन्दी

पूर्णांक :– 80
समय :– 3:00 घंटे

| क्र. | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| 1 | आरोह भाग – 1, काव्य खण्ड<br>•पद्य साहित्य का इतिहास एवं प्रवृत्तियाँ<br>•कवि परिचय<br>•भावार्थ : (सन्दर्भ, प्रसंग, भावार्थ, काव्य सौन्दर्य)<br>•सौन्दर्य बोध, भाव एवं विषय वस्तु आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 02 | 01 | 01 | – | 04 |
| 2 | काव्य बोध :<br>•काव्य के भेद (प्रबन्ध एवं मुक्तक काव्य के भेद एवं उदाहरण)<br>•रस : परिचय (परिभाषा, अंग, प्रकार एवं उदाहरण)<br>•अलंकार : परिचय एवं प्रकार (वक्रोक्ति, दृष्टान्त, उदाहरण एवं विशेषोक्ति अलंकार)<br>•छंद : परिचय एवं प्रकार (रोला एवं मुक्तक छंद)<br>•गजल<br>•शब्द शक्ति : परिचय एवं प्रकार<br>•शब्द–गुण : परिचय एवं प्रकार<br>•बिम्ब विधान | 09 | 05 | 02 | – | – | – | 02 |
| 3 | आरोह भाग – 1, गद्य खण्ड<br>•गद्य साहित्य का इतिहास, विकासक्रम, प्रवृत्तियाँ एवं गद्य की विधाएँ (कहानी, संस्मरण, व्यंग्यात्मक निबंध, एकांकी)<br>•लेखक परिचय<br>•व्याख्या (सन्दर्भ, प्रसंग, व्याख्या, विशेष)<br>•विषयवस्तु एवं विचार बोध पर आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 02 | 01 | 01 | – | 04 |
| 4 | भाषा बोध<br>•शब्द (क्षेत्रीय, तकनीकी एवं निपात शब्द)<br>•शब्द युग्म एवं उनके प्रकार<br>•वाक्य परिचय एवं प्रकार (अर्थ एवं रचना के आधार पर)<br>•वाक्य शुद्धिकरण एवं वाक्य परिवर्तन<br>•मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ<br>•राजभाषा, राष्ट्रभाषा<br>•भाव पल्लवन, सार संक्षेपण, विज्ञापन लेखन, संवाद लेखन एवं अनुच्छेद लेखन | 12 | 05 | 02 | 01 | – | – | 03 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | **वितान भाग — 1**<br>पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न। | 07 | 05 | 01 | — | — | — | 01 |
| 6 | **अभिव्यक्ति और माध्यम**<br>पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न। | 07 | 05 | 01 | — | — | — | 01 |
| 7 | **अपठित बोध**— (गद्यांश /काव्यांश) पर आधारित प्रश्न। | 03 | — | — | 01 | — | — | 01 |
| 8 | **पत्र लेखन**— औपचारिक / अनौपचारिक संबंधित पत्र लेखन। | 04 | — | — | — | 01 | — | 01 |
| 9 | **निबन्ध लेखन**— (रूपरेखा सहित) | 04 | — | — | — | 01 | — | 01 |
| | कुल योग | 80 | 32 | 20 | 12 | 16 | — | 18+5=23 |

**प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश —**

➢ **40% वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40% विषयपरक प्रश्न, 20% विश्लेषणात्मक प्रश्न होंगे।**

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 06 अंक, एक वाक्य में उत्तर 07 अंक, सत्य असत्य 06 अंक, संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है।

2. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान होगा। यह विकल्प समान इकाई/उप इकाई से तथा समान कठिनाई स्तर वाले होंगे। इन प्रश्नों की उत्तर सीमा निम्नानुसार होगी —

| | | |
|---|---|---|
| अतिलघुउत्तरीय प्रश्न | 02 अंक | लगभग 30 शब्द |
| लघुउत्तरीय प्रश्न | 03 अंक | लगभग 75 शब्द |
| विश्लेषणात्मक | 04 अंक | लगभग 120 शब्द |

3. कठिनाई स्तर :— 40% सरल प्रश्न, 45% सामान्य प्रश्न, 15% कठिन प्रश्न।

**सत्र 2022—23**
**कक्षा — 11वीं**
**विषय — हिन्दी**

## पाठ्यक्रम में से हटाई गई विषय वस्तु

| | | |
|---|---|---|
| आरोह भाग—1 | काव्य खण्ड | • कबीर (पद—2) संतो देखत जग बौराना<br>• मीरा (पद—2) पग घुंघरू बांधि मीरा नाची<br>• रामनरेश त्रिपाठी— पथिक (पूरा पाठ)<br>• सुमित्रानंदन पंत— वे आँखे (पूरा पाठ) |
| | गद्य खण्ड | • कृष्णनाथ— स्पीति में बारिश (पूरा पाठ)<br>• सैयद हैदर रज़ा— आत्मा का ताप (पूरा पाठ) |

# कक्षा - 11वी

# विषय - हिन्दी

# अनुक्रमणिका


| सरल क्रमांक | इकाई क्रमांक | इकाई का नाम |
|---|---|---|
| 01 | 1 | आरोह भाग - 1, काव्य - खण्ड |
| 02 | 2 | काव्य बोध |
| 03 | 3 | आरोह भाग -1, गद्य खण्ड |
| 04 | 4 | भाषा बोध |
| 05 | 5 | वितान भाग – 1 |
| 06 | 6 | अभिव्यक्ति और माध्यम |
| 07 | 7 | अपठित गद्यांश |
| 08 | 8 | पत्र - लेखन |
| 09 | 9 | निबन्ध लेखन |


**समग्र शिक्षा अभियान (सेकेन्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल**

# इकाई - 1

## आरोह भाग - 1, काव्य – खण्ड

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 1 | **आरोह भाग -1, काव्य खंड**<br>• पद्य साहित्य का इतिहास एवं प्रवृत्तियाँ<br>• कवि परिचय<br>• भावार्थ : (संदर्भ, प्रसंग , भावार्थ, काव्य सौन्दर्य)<br>• सौंदर्य बोध तथा भाव एवं विषय वस्तु आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 02 | 01 | 01 | --- | 04 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(01 अंक )**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. कबीर ने ईश्वर के कितने रूप माने हैं-
   (अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) अनंत
2. मीराबाई के आराध्य देव कौन थे?
   (अ) श्री राम (ब) श्री शिव (स) श्री राधा (द) श्री कृष्ण
3. मीराबाई की भक्ति है -
   (अ) दास्य भाव की (ब) साख्य भाव की (स) दांपत्य भाव की है (द) उपर्युक्त सभी
4. मीराबाई ने कौन सी बेलि बोयी है-
   (अ) दया की (ब) प्रेम की (स) भक्ति की (द) माया की
5. मीरा ने श्री कृष्ण को किस रूप में स्वीकार किया है?
   (अ) ईश्वर के रूप में (ब) पति के रूप में (स) आराध्य के रूप में (द) सखा के रूप में

6. त्रिलोचन लिखित कविता में लड़की का नाम है-

(अ) चमेली (ब) चंपा (स) निर्मला (द) महादेवी

7. चंपा लड़की है-

(अ) त्रिलोचन की (ब) गांधी बाबा की (स) सुंदर की (द) बालम की

8. चिरागा किसके लिए तय थे-

(अ) शहर के लिए (ब) देश के लिए (स) हर एक घर के लिए (द) जनता के लिए

9. चिराग किसे मयस्सर नहीं है-

(अ) शहर को (ब) देश को (स) हर घर को (द) जनता को

10. चंद मलिकार्जुन का अर्थ है-

(अ) शिव (ब) ब्रह्मा (स) विष्णु (द) पुराण

11. अक्कमहादेवी किस भाषा की कवयित्री है-

(अ) संस्कृत (ब) कन्नड़ (स) हिंदी (द) तमिल

12. सबसे खतरनाक कौन सी दिशा है-

(अ) जिसमें आत्मा का सूरज डूब जाए (ब) उत्तर (स) दक्षिण (द) पूरब

13. निम्न में से सबसे खतरनाक है-

(अ) पुलिस की मार (ब) मेहनत की लूट (स) सपनों का मर जाना (द) गद्दारी लोग की

14. मुट्ठी कविता में किसे बचाने की बात की गई है-

(अ) शहरों को (ब) बस्तियों को (स) लहरों को (द) देश को

15. कवयित्री बच्चों के लिए बचाना चाहती हैं -

(अ) आँगन (ब) स्कूल (स) घर (द) मैदान

16. संथाली आदिवासियों का हथियार नहीं है-

(अ) कुल्हाड़ी (ब) धनुष (स) तीर (द) पिस्तौल

17. कवयित्री विश्वास से भरे इस दौर में क्या बचाना चाहती है-

(अ) विश्वास (ब) उम्मीद (स) सपने (द) उपर्युक्त सभी

18. हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग कहलाता हैं।

(अ) आदिकाल (ब) भक्तिकाल (स) रीतिकाल (द) आधुनिककाल

19. 'हिन्दी पद्य साहित्य को कितने कालो में बाँटा गया हैं?

(अ) चार (ब) पाँच (स) छः (द) आठ

20. प्रयोगवाद का समय हैं।

(अ) सन 1900 से सन 1920 (ब) सन 1920 से सन 1936

(स) सन 1936 से सन 1943 (द) सन 1943 से सन 1950

21. रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि हैं।

(अ) मलिक मुहम्मद जायसी (ब) भारतेंदु (स) तुलसीदास (द) कबीरदास

22. 'श्रंगार काल' किस काल को कहा जाता है –

(अ) आदिकाल (ब) भक्तिकाल (स) रीतिकाल (द) आधुनिक काल

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए-**

1. वाणी का डिक्टेटर .................. को कहा जाता है। (मीराबाई/कबीर)
2. कबीर भक्ति काल की ................ काव्य धारा के कवि हैं। (सगुण/निर्गुण)
3. मीरा की भाषा ..............है। (बुंदेली/राजस्थानी)
4. मीरा ने प्रेम बेलि में ........... सींचा है। (आँसुओं का जल/गंगाजल)
5. कवि के पिता को ............ व्याप्त नहीं हुआ ।(दुख/बुढ़ापा)
6. घर की याद कविता ............. ऋतु में लिखी गई है। (वर्षा/ग्रीष्म)
7. चंपा .................... नहीं चीन्हती । (पुस्तकें/काले अक्षर)
8. चंपा ............. करती है। (चरवाही का काम/मजदूरी)
9. कवि ................ से पेट ढकने की बात करता है।(हाथों से/पैरों से)
10. दुष्यंत कुमार के अनुसार ............. में धूप लगती है। (दरख़्तों के साए में/)
11. हे भूख मत ..............! (मचल/सता)
12. अक्क का अर्थ ................. होता है। (बहन/माता)
13. मरसिया का अर्थ ................ होता है। (लोकगीत/शोक गीत)
14. तड़प का न ................... होना होता है। (खतरनाक/सबसे खतरनाक)
15. कवयित्री नाचने के लिए ........... बचाना चाहती है। (आँगन/मैदान)
16. बस्तियों को .............. बचाने की बात की गई है। (प्रदूषण से/शहर के आवो हवा से)
17. जयशंकर प्रसाद ……………… कवि है|(छायावादी /प्रयोगवादी)
18. निर्गुण काव्यधारा के प्रमुख कवि………………. हैं| (जापसी/ कबीर)
19. रीतिकाल का प्रमुख रस………………. है| (श्रंगार/ वीर)
20. संवत 1950 के बाद की कविता को………….. कहा जाता है(नई कविता/छायावादी कविता)
21. छायावाद के प्रमुख स्तंभ……………….. है| (चार/पांच)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए-**

| I A | B |
|---|---|
| 1. हम तौ एक एक करि जांनां | अ. अत्यधिक दुख |
| 2. मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरा न कोई नभ में | ब. चंपा |
| 3. परिताप | स. कबीर |
| 4. सोने पर सुहागा | द. मीराबाई |

5. मुतमइन — इ. आश्वस्त

फ. भवानी प्रसाद मिश्र

| II | A | B |
|---|---|---|
| 1. | चंपा काले अक्षर नहीं चीन्हती | अ. अक्कमहादेवी |
| 2. | कहां तो तय था चिरांगा हर एक घर के लिए | ब. पाश |
| 3. | हे भूख मत मचल | स. दुष्यंत कुमार |
| 4. | सबसे खतरनाक | द. त्रिलोचन |
| 5. | आओ मिलकर बचाएं | इ. भवानी प्रसाद मिश्र |
| | | फ. निर्मला पुतुल |

| III | A | B |
|---|---|---|
| 1. | निरभै भया कछू नहिं ब्यापै | अ. भवानी प्रसाद मिश्र |
| 2. | कविता का गांधी | ब. चंपा काले लक्षण नहीं चीन्हती |
| 3. | प्राण मन घिरता रहा है | स. अक्कमहादेवी |
| 4. | कलकाते पर नजर गिरे | द. कबीर |
| 5. | हे मेरे जूही के फूल जैसे ईश्वर | इ. घर की याद |

| IV | A | B |
|---|---|---|
| 1. | मीरा के प्रभु | अ. परिवार की मर्यादा |
| 2. | रतनाकर ने निर्मित कर दी | ब. आदिवासियों की दिलचस्पी के प्रतीक |
| 3. | कुल की कानि | स . गिरधर नागर |
| 4. | धनुष तीर और कुल्हाड़ी | द . स्वर्ण सड़क |

| V | A | B |
|---|---|---|
| 1. | हिंदी कविता का जागरण काल | अ.सूरदास |
| 2. | कृष्ण भक्ति शाखा के प्रमुख कवि | ब.वीरगाथा काल |
| 3. | द्विवेदी युग के प्रवर्तक | स.प्रयोगवाद |
| 4. | आदिकाल का अन्य नाम | द.जयशंकर प्रसाद |
| 5. | तार सप्तक | इ.महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| | | फ.भारतेंदु युग |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. मानव शरीर का निर्माण किन पंचतत्व से हुआ है?

2. जगत क्या देखकर मोहित हो रहा है?
3. कवि पांचवा (अभागा) किसे कहते हैं?
4. कवि किसमें व्यस्त है?
5. चंपा क्या छुपा देती है?
6. चंपा कवि से क्या कहती है?
7. कवि दुष्यंत कुमार किसका बात के लिए बेकरार है?
8. चिरांगा का किस प्राप्त का प्रतीक है?
9. अक्कमहादेवी किससे अपने पाश ढीलने के लिए कहती है?
10. अक्क महादेवी ईश्वर को क्या कहकर संबोधित करती है?
11. सबसे खतरनाक कौन सा गीत होता है?
12. कौन सी दिशा सबसे खतरनाक होती है ?
13. कवयित्री पूरी बस्ती को किस में डूबने से बचाना चाहती है?
14. कवयित्री रोने के लिए क्या बचाना चाहती है?

## सत्य / असत्य लिखिए –

1. सधुक्कड़ी भाषा का प्रयोग कबीर ने किया।
2. कबीर ने ईश्वर को एक ही माना है।
3. कवि भवानी प्रसाद मित्र की माता बहुत पढ़ी लिखी थी।
4. कवि भवानी प्रसाद मिश्र दो सौ साठ दंड लगाते हैं।
5. चंपा का पिता मिस्त्री है।
6. चंपा चंचल और नटखट है।
7. दुष्यंत कुमार अपने बगीचे में गुलमोहर के तले जीना चाहते हैं।
8. आज हर घर और शहर के लिए चिराग मयस्सर है।
9. अक्कमहादेवी शैव परंपरा की कवयित्री है।
10. अक्क महादेवी स्वयं का घर पूरी तरह भूल जाना चाहती है।
11. पाश पंजाबी साहित्य के कवि हैं।
12. बैठे-बिठाए पकड़े जाना सबसे खतरनाक है।
13. निर्मला पुतुल का जन्म आदिवासी परिवार में हुआ।
14. इस दौर में हमारे पास बचाने को कुछ नहीं बचा है।
15. छायावादी कवियों के प्रकृति का मानवीकरण किया है|
16. शोषकों के प्रति घृणा और शोषितों के प्रति करुणा प्रगतिवाद है|
17. तार सप्तक में 70 कवि सम्मिलित थे|

18. मीराबाई भक्ति काल की कवयित्री थी|

## लघु उत्तरीय प्रश्न - (02 अंक)

1. कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है| इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं?
2. कबीर ने अपने आपको दीवाना क्यों कहा है?
3. मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती हैं? वह रूप कैसा है?
4. मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को परिताप का घर क्यों कहा है?
5. पिता के व्यक्तित्व किसी के विशेषताओं को अकीरा गया है?
6. चंपा को किस बात पर अचरज होता है? और क्यों?
7. उम्र भर के लिए पलायन क्यों करना चाहता है?
8. अपना घर से क्या तात्पर्य है? इसे भूलने की बात क्यों कही गई है?
9. कवि ने किस आशय से मेहनत की लूट पुलिस की मार गद्दारी लोग को सबसे खतरनाक नहीं माना?
10. बस्तियों को शहर की आबोहवा से बचाने की आवश्यकता है?
11. भाषा में झारखाड़ीपन से क्या अभिप्राय है?
12. भक्ति काल को हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग क्यों कहा गया है?
13. निर्गुण भक्ति धारा की दो विशेषताएँ बताते हुए दो कवियों के नाम लिखिए।
14. सगुण भक्ति धारा की दो विशेषताएँ बताते हुए दो कवियों के नाम लिखिए।
15. रीतिकाल की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
16. छायावादी कविता की विशेषताएँ लिखिए।
17. प्रगतिवादी कविता की विशेषताएँ लिखिए।
18. प्रयोगवादी कविताओं की विशेषताएँ लिखिए।
19. नई कविता की विशेषताएँ लिखिए।
20. रहस्यवाद कविता की विशेषताएँ लिखिए।
21. रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहा गया है?

## कवि परिचय (03अंक )

1. कबीर अथवा मीरा का काव्य परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए।
   (अ) दो रचनाएँ (ब) भाव पक्ष - कला पक्ष (स) साहित्य में स्थान
2. भवानी प्रसाद मिश्र अथवा त्रिलोचन का काव्यगत परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए।
   (अ) दो रचनाएँ (ब) भाव पक्ष - कला पक्ष (स)साहित्य में स्थान
3. दुष्यंत कुमार अथवा अक्कमहादेवी का काव्यगत परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए
   (अ) दो रचनाएँ (ब) भाव पक्ष - कला पक्ष (स)साहित्य में स्थान
4. अवतार सिंह पाश अथवा निर्मला पुतुल का काव्यगत परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए।

(अ)  दो रचनाएँ    (ब) भाव पक्ष - कला पक्ष     (स) साहित्य में स्थान

**निम्न पद्यांशों की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए -** **( 04 अंक )**

1. हम तौ एक एक कर जांनां।
   दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग जिन नाहिनं  पाहिचांनां ।।
   एकै पवन एक ही पानीं एकै जोति समांनां ।
   एकै खाक गढ़ सब भांडै एकै कोंहरा सांनां।।

2. जैसे बाढी काष्ट ही काटै अगिनि न काटै कोई ।
   सब घटि अंतरि तूही व्यापक धरै सरुपै सोई ।।

3. मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई
   जाके सिर मोर - मुकुट, मेरो पति सोई
   छांड़ि दयी कुल  की कानि, कहा करिहैं कोई?
   संतन ढिग बैठि - बैठि लोक - लाज कोई?
   अंसुवन जल सींचि - सींचि प्रेम बेलि बोई
   अब त बेलि फैल गई आणंद - फल होई

4. आज उनके स्वर्ण बेटे,
   लगे होंगे उन्हें हेटे,
   क्योंकि मैं उनपर सुहागा
   बँधा बैठा हूँ अभागा,

5. कहाँ तो तय था चिरागाँ हरेक घर के लिए,
   कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए ।
   यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है,
   चलो यहाँ से चलें और उम्र भर के लिए |

6. तेरा निजाम है सिल दे जुबान शायर की,
   ये एहतियात जरूरी है इस बहर के लिए ।

7. हे भूख ! मत मचल
   प्यास, तड़प मत
   हे नींद ! मत सता
   क्रोध, मचा मत उथल - पुथल
   हे मोह ! पाश अपने ढील
   लोभ,  मत ललचा

हे मद ! मत कर मदहोश
ईष्या, जला मत
ओ चराचर ! मत चूक अवसर
आई हूँ संदेश लेकर चन्नमलिकार्जुन का

8. सबसे खतरनाक होता है
मुर्दा शांति से भर जाना
न होना तड़प का सब सहन कर जाना

9. अपनी बस्तियों को
नंगी होने से
शहर की आबो-हवा से बचाएँ उसे
बचाएँ डूबने से
पूरी बस्ती को
हड़िया में

---------xxxx--------

# इकाई - 2

# काव्य बोध

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 2 | **काव्य बोध**<br>• काव्य के भेद (प्रबन्ध एवं मुक्तक काव्य के भेद एवं उदाहरण)<br>• रस: परिचय (परिभाषा, अंग, प्रकार एवं उदाहरण)<br>• अलंकार : परिचय एवं प्रकार(वक्रोक्ति, दृष्टांत, उदाहरण, विशेषोक्ति)<br>• छन्द :परिचय एवं प्रकार(रोला एवं मुक्तक छन्द )<br>• गजल<br>• शब्द शक्ति: परिचय एवं प्रकार<br>• शब्द गुण: परिचय एवं प्रकार<br>• बिम्ब विधान | 09 | 05 | 02 | --- | --- | --- | 02 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(01 अंक )**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द: काव्यम परिभाषा है-
   (अ) आचार्य विश्वनाथ (ब) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (स) पंडित जगन्नाथ (द) मम्मट्ट

2. महाकाव्य में सर्गो की की संख्या होती है-
   (अ) एक (ब) चार से कम (स) आठ या आठ से अधिक (द) चार से अधिक

3. अब तो बेलि फैली गई आनन्द फल होयी में अलंकार है -

(अ) अनुप्रास (ब) यमक (स) रूपक (द) उपमा

4. "जैसे बाढीं काष्ट ही काटे, अग्नि ना काटे कोई "में अलंकार है-

(अ) अनुप्रास (ब) श्लेष (स) दृष्टांत (द) यमक

5. "यहाँ दरख्तों के साये में धूप" में अलंकार है-

(अ) विरोधाभास (ब) आहुन्ति (स) अनुप्रास (द) यमक

6. श्रंगार, शांत व करुण रस की प्रधानता होती है-

(अ) माधुर्य (ब) ओज (स) प्रसाद (द) शब्द गुण

7. निम्न में से कौनसा खण्डकाव्य नहीं है-

(अ) सुदामाचरित ( ब) पंचवटी (स) रश्मिरथी (द) पद्मावत

8. करुण रस का स्थाई भाव है-

(अ) शोक (ब) हास (स) रति (द) रोद्र

9. गजल में लिखे जानेवाले हर दो मिसरे के समूह को कहते हैं-

(अ) मिसरा (ब) शेर (स) काफिया (द) रुबाइयां

10. "यशोदा हरि पालने झुलाबै हलरावै दुलरावै जोई सोई कछु गावै"

उपर्युक्त पंक्ति में आश्रय की चेष्टा को दिए गए विकल्पों में से चयन कर लिखिए-

(अ) पुत्र के प्रति स्नेह (ब) प्रश्न का पालना (स) मातायशोदा (द) कृष्णा को पालने में झुलाना

11. श्रीकृष्ण के सुन वचन अर्जुन क्रोध से जालने लगे। शोक अपना भूलकर करतल युगल मलने लगे ।

उपर्युक्त पंक्तियों में अनुभाव पहचानिए-

(अ) श्रीकृष्ण के वचन (ब) करतल युगल (स) अर्जुन का शोक (द) अर्जुन का क्रोध

12. प्रबंध काव्य के भेद हैं-

(अ) खण्डकाव्य, महाकाव्य, आख्यानिक गीति

(ब) महाकाव्य, चंपू काव्य, दृश्य काव्य

(स) दृश्य काव्य, श्रव्य काव्य, चंपू काव्य

(द) चंपू काव्य, महाकाव्य

13. जहाँ कारण होने पर भी कार्य न हो वहाँ अलंकार होता है-

(अ) व्यतिरेक (ब) विभावना (स) विशेषोक्ति (द) विरोधाभास

14. "करत करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान ,रसरी आवत जात ते सिल पर परत निशान" पंक्ति में कौनसा अलंकार है-

(अ) विरोधाभास (ब) दृष्टांत (स) व्यतिरेक (द) विभावना

## रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए-

1. प्रबंध काव्य के अन्तर्गत- - - आता है। (सूरसागर / साकेत)
2. कामायनी' जयरशंकर प्रसाद का प्रमुख- - - हैं।(महाकाव्य/खण्डकाव्य)
3. जिस वाक्य में विशेष अर्थका बोध हो वहाँ - - -शब्दशक्ति होती है। (लक्षणा/व्यंजना)
4. दोहा छंद- - -काव्य के अन्तर्गत आता है। (प्रबंध / मुक्तक)
5. 'हम तो एक-एक करि जाना' पंक्ति में- - - अलंकार है। (यमक /उपमा)
6. नाटक विधा - - -काव्य है। (दृश्य/श्रव्य)
7. सूर्य डूब गया में- - -शब्द शक्ति है।(अभिधा / व्यंजना)
8. चंपा काले काले अक्षर नहीं चीन्हती में - - - गुण है।(माधुर्य/ प्रसाद)
9. 'पेट में चूहे कूदना 'में - - - शब्द शक्ति है। [लक्षणा / व्यजंना)
10. गजल मे लिखि जाने वाली हर लाइन यापक्ति- -कहलातीहै।(मिसरा/काफिया)
11. 22 से 26 वर्णो के वृत कों- -कहते है ( सवैया /रोला)
12. संचारी भावों की संख्या- -है। (33 / 35 )
13. छंद में अल्प विराम को - - कहते हैं (यति / गति )
14. दोहा छंद मात्राओं के आधार पर- - है। (अर्ध सम मात्रिक / सममात्रिक)
15. आश्रय की चेष्टाओ को - -कहते है। (अनुभाव/ उद्दीपन)
16. नीर भरे नित प्रति रहे तऊ न प्यास बुझाय में- - -अलंकार है(विशेषोक्ति/विभावना)
17. हास, वत्सल ,रति- - - है। (स्थाई भाव/संचारी भाव )
18. जिसकाव्य मे एक घटना का विवरण एंव एक ही छंद का प्रयोग होता है उसे - - -कहते हैं । (खण्डकाव्य/ महाकाव्य)
19. किसी बात को सिद्ध कर सत्यता प्रमाणित करने के लिए उदाहरण दिया जाये वहां- - - होता है। (दृष्टांत अलंकार/ विशेषोक्ति अलंकार)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए -**

| **i.** | **अ** | **ब** |
|---|---|---|
| 1. | संतन ढिग बैठी -बैठी | क- माधुर्य |
| 2. | पीपर पाथर पूजन लागे | ख-महाकाव्य |
| 3. | वीर रौद्र भयानक। | ग- अनुप्रास |
| 4. | साकेत। | घ- पुनरुक्ति प्रकाश |
| 5. | जहां काव्य को सुनने से हृदय द्रवित हो | ड- ओज गुण |

| **ii.** | **अ** | **ब** |
|---|---|---|
| 1. | कुंडलिया छंद | क-11-13 के विराम |
| 2. | दोहा छंद। | ख- 8888पर यति |
| 3. | रोला +दोहा | ग-कुंडलिया |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | घनाक्षरी | घ-छः:चरण |
| 5. | रोला | ङ-24 मात्रा |

| **iii.** | **अ** | **ब** |
|---|---|---|
| 1. | गजल | क-मिसरा |
| 2. | शब्द के अर्थ का व्यापार। | ख- गुण |
| 3. | जहां रस होता है | ग-महाकाव्य |
| 4. | सर्ग के में बंधी रचना | घ-शब्द शक्ति |
| 5. | गजल की पंक्ति | ङ-उर्दू साहित्य विधा |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. खण्डकाव्य को परिभाषा लिखिए।
2. महाकाव्य की परिभाषा लिखिए ।
3. दो महाकाव्यों के नाम तथा एक-एक रचना का नाम लिखिए ।
4. दो खण्डकाव्य कारों के नाम व एक-2 रचना का नाम लिखिए ।
5. वीभत्स रस का उदाहरण लिखिए ।
6. वीर रस की परिभाषा लिखिए ।
7. अनुभाव कितने प्रकार के होते हैं।
8. अलंकार की परिभाषा लिखिए ।
9. अर्थाअलंकार का उदाहरण लिखिए ।
10. संदेह अलंकारका उदाहरण लिखिए।
11. रस की निष्पत्ती में सहायक तत्वों के नाम लिखिए |
12. बिंब- विधान का एक उदाहरण लिखिए।
13. प्रसाद गुण का उदाहरण लिखिए।
14. रोला छंद की परिभाषा लिखिए।
15. लक्षणा शब्दशक्ति किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।
16. व्यंजना शब्द शक्ति किसे कहते है?
17. हास्य रस परिभाषा लिखिए।
18. छंद की परिभाषा लिखिए।

## सत्य / असत्य लिखिए-

1. कठोर वर्णो की आवृती माधुर्य गुण में होती है।
2. लंबे-लंबे सामासिक पदों का प्रयोग ओज गुण में होता है।
3. छंद में गणों की संख्या 9 होती है ।
4. मोहन बैल है मेंअभिधा शब्दशक्ति है।
5. दधि मथि घत् काढि लियो में उपमा अलंकार है।
6. तुम बरस लो वे ना बरसे में यमक अलंकार है।

7. चित् में उत्तेजना का संचार ओजगुण में होता है।
8. साकेत 'हरियोध का प्रमुख महाकाव्य है।
9. एक शब्द की आवृती हो और अर्थ भी एकसे हो वहाँ यमक अलंकार होता है।
10. जहाँ रस होता है वहाँ गुण होते हैं।
11. पाँवो से पेट ढ़कना मार्मिक विम्व योजना का प्रयोग दुष्यंत कुमार जी ने किया है।
12. गजल में सभी शेर आपने आप में मुकम्बल वह स्वतंत्र होतेहैं।
13. वक्रोक्ति अर्थ टेढी उक्ति' से है।
14. दोहा और रोला छंद को मिला कर कुंडलियां छंद बनता है।
15. रुबाइयाँ उर्दू फारसी की लेखन शैली है।
16. दोहा को उल्टा करने पर रोला छंद बनता है।
17. जल बिच मीन प्यासी मे विशेषोक्त अलंकार है
18. मोह और जडता संचारी भाव में आतहै
19. विभाव दो प्रकार के होते हैं
20. जिन छंदों में मात्राओं की गणना हो उसे वर्णिक छंद कहते हैं।
21. रस के 10 अंग है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न** – **(02 अंक)**

1. महाकाव्य और खण्डकाव्य में अंतर लिखिए।
2. शब्दालंकार का एक उदाहरण लिखिए।
3. प्रबंध का और मुक्तक काव्य में अंतर लिखिए।
4. वक्रोक्ति अलंकार की परिभाषा लिखिए।
5. वक्रोक्ति अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।
6. दोहा छंद की परिभाषा लिखिए ।
7. स्थाई भाव और व्यभिचारी भाव में अंतर लिखिए।
8. शब्द शक्ति से क्या तात्पर्य है किसी एक शब्द शक्ति का उदाहरण लिखिए।
9. बिंब विधान योजना से क्या तात्पर्य है?उदाहरण सहित लिखिए।
10. यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

# इकाई 3

# आरोह भाग 1, गद्य खण्ड

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 3 | **आरोह भाग 1, गद्य खण्ड**<br>• गदय साहित्य का इतिहास, विकासक्रम,प्रवृत्तियाँ एवं गद्य की विधाएँ (कहानी, संस्मरण, व्यंग्यात्मक निबन्ध, एकांकी)<br>• लेखक परिचय<br>• व्याख्या (सन्दर्भ, प्रसंग, व्याख्या, विशेष)<br>• विषयवस्तु एवं विचार बोध पर आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 02 | 01 | 01 | --- | 04 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(01 अंक )**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. 'रंगभूमि 'रचना है-

(अ) मन्नू भंडारी (ब) प्रेमचंद (स) शेखर जोशी (द) कृष्णा सोबती

2. नमक का दरोगा कहानी का प्रकाशन वर्ष है-

(अ) 1924 (ब)1914 (स) 1934 (द) 1904

3. आदर्शोन्मुख यथार्थवाद को अपनी कहानी का आधार बनाने वाले कथाकार हैं-

(अ) प्रेमचंद (ब) जैनेंद्र (स) शेखर जोशी (द) कृष्णनाथ

4. नमक की गाड़ियां जा रही थीं-
(अ) रामपुर (ब) नागपुर (स) कानपुर (द) श्यामपुर
5. कृष्णा सोबती की रचना है-
(अ) पंच परमेश्वर (ब) जिंदगीनामा (स) पथेर पांचाली (द) पृथ्वी परिक्रमा
6. मियाँ नसीरुद्दीन शब्द चित्र कृष्णा सोबती के किस संग्रह से लिया गया है-
(अ) दिलोदानिश (ब) जिंदगीनामा (स) हम हशमत (द) बादलों के घेरे
7. मियाँ नसीरुद्दीन कैसे इंसान का प्रतिनिधित्व करते थे?
(अ) चतुर इंसान का (ब) त्याग शील इंसान का (स) जो अपने पेशे को कला का दर्जा देते हैं (द)जो अपने खानदान को बदनाम करते हैं
8. मियाँ नसीरुद्दीन कितने प्रकार की रोटियां बनाने के लिए मशहूर थे?
(अ) छत्तीस (ब) छियालीस (स) छप्पन (द) छियासठ
9. 'काम करने से आता है, नसीहतों से नहीं ' यह कथन किसका है?
(अ) लेखिका का (ब) मियाँ कल्लन का (स) मीर साहिब का (द) मियाँ नसीरुद्दीन का
10. मियाँ नसीरुद्दीन के दादा जी का क्या नाम था?
(अ) मियाँ कल्लन (ब) मियां रहमत (स) मीर साहिब (द) बहादुर शाह
11. 'अपू के साथ ढाई साल' पाठ गद्य की विधा है-
(अ) कहानी (ब) निबंध (स) रेखाचित्र (द) संस्मरण
12. 'पथेर पांचाली' फिल्म की शूटिंग का काम कितने साल तक चला?
(अ) एक साल (ब) डेढ़ साल (स) दो साल (द) ढाई साल
13. रेलवे लाइन के समीप वाला मैदान कौन -से फूलों से भरा हुआ था?
(अ) गुलाब (ब) काशफूल (स) गेंदे (द) कमल
14. 'अपू के साथ ढाई साल' नामक संस्मरण किस फिल्म से संबंधित है?
(अ) अपराजिता (ब) पथेर पांचाली (स) देवी चारुलता (द) सद्गति
15. 'सोने का किला' किसकी रचना है?
(अ) सत्यजीत राय (ब) मुंशी प्रेमचंद (स) कृष्णा सोबती (द) मन्नू भंडारी
16. 'विदाई संभाषण' किस विधा की रचना है?
(अ) निबंध (ब) व्यंग्य (स) कहानी (द) भाषण
17. 'विदाई संभाषण' के लेखक हैं-
(अ) प्रेमचंद (ब) बालमुकुंद गुप्त (स) लार्ड कर्जन (द) महावीर प्रसाद द्विवेदी
18. निम्न में से शेखर जोशी की रचना है-
(अ) चिट्ठे और खत (ब) कोसी का घटवार (स) अपराजिता (द) कफ़न
19. शेखर जोशी की रचना नहीं है-
(अ) साथ के लोग (ब) दाज्यू (स) दिलो दानिश (द) नौरंगी बीमार है
20. मास्टर त्रिलोक सिंह ने धनराम को कितने का पहाड़ा याद करने के लिए दिया था?
(अ) 12 (ब) 13 (स) 14 (द) 19

21. शेखर जोशी का जन्म कब हुआ था?
(अ) 1930 (ब) 1931 (स) 1932 (द) 1933
22. शेखर जोशी को कौन सा सम्मान मिला था?
(अ) पद्मश्री (ब) पहल सम्मान (स) ज्ञानपीठ (द) साहित्य अकादमी
23. रमेश, मोहन को क्या समझता था?
(अ) भाई (ब) नौकर (स) मित्र (द) भतीजा
24. 'तेरे दिमाग में तो लोहा भरा है रे ! विद्या का ताप कहां लगेगा इसमें?' यह कथन किसका है?
(अ) वंशीधर का (ब) धनराज का (स) त्रिलोक सिंह का (द) रमेश का
25. 'उसकी आँखों में एक सर्जक की चमक थी' यह कथन किसके लिए कहा गया है?
(अ) धनराम के लिए (ब) मोहन के लिए (स) रमेश के लिए (द) वंशीधर के लिए
26. गलता लोहा कहानी में गोपाल सिंह कौन है?
(अ) दुकानदार (ब) सब्जीवाला (स) गीतकार (द) अध्यापक
27. 'तुम्हारी फाइल पूर्ण हो गई है ' में फाइल शब्द किस अर्थ में व्यक्त हुआ है?
(अ) चिकित्सा की फाइल (ब) जीवन की फाइल (स) कार्यालयीन फाइल (द) पर्सनल फाइल
28. रजनी ने अमित के मुद्दे को गंभीरता से लिया, क्योंकि-----
(अ) वह अमित से बहुत स्नेह करती थी (ब) अमित उसकी मित्र लीला का बेटा था (स) वह अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने की सामर्थ्य रखती थी (द) उसे अखबार की सुर्खियों में आने का शौक था
29. अन्याय का डटकर मुकाबला करने की बात कहती है-
(अ) शीला (ब) रजनी (स) पाठक (द) लीला
30. मन्नू भंडारी द्वारा रचित 'रजनी' मूलतः क्या है?
(अ) कथा (ब) पटकथा (स) एकांकी (द) नाटक
31. जामुन के पेड़ के नीचे दबे व्यक्ति को सर्वप्रथम किसने देखा?
(अ) माली (ब) चपरासी (स) सेक्रेट्री (द) ज्वाइंट सेक्रेट्री
32. 'जामुन का पेड़' कैसी कथा है?
(अ) गंभीर (ब) हास्य व्यंग्य (स) वीरता पूर्ण (द) इनमें से कोई नहीं
33. लेखक की नव प्रकाशित रचना का नाम क्या था?
(अ) ओस के फूल (ब) कमल के फूल (स) बूंद के फूल (द) धूप के फूल
34. जामुन के पेड़ के नीचे दबा हुआ व्यक्ति पेशे से क्या था?
(अ) अध्यापक (ब) कवि (स) दुकानदार (द) माली
35. दबा हुआ आदमी कवि है ,इसलिए फ़ाइल का संबंध किस विभाग से माना गया?
(अ) एग्रीकल्चर (ब) हॉर्टिकल्चर (स) कल्चरल (द) प्रोफेशनल
36. पंचशील के सिद्धांत का प्रचार किया था_
(अ) प्रेमचंद (ब) जवाहरलाल नेहरू (स) सैयद हैदर रज़ा (द) बालमुकुंद गुप्त
37. भारत माता पाठ 'हिंदुस्तान की कहानी' का अध्याय है_
(अ) दूसरा (ब) तीसरा (स) चौथा (द)पांचवां

38. इस काल को जागरणसुधार काल भी कहा गया है-
(अ) भारतेंदु युग (ब) द्विवेदी युग (स) शुक्ल युग (द) शुक्लोत्तर युग
39. "यदि गद्य कवियों या लेखकों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है।"यह कथन है_
(अ) बाबू गुलाब राय (ब) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (स) महावीर प्रसाद द्विवेदी (द) डॉ नगेंद्र
40. सामान्यतः कहानी के तत्व स्वीकार किए जाते हैं--
(अ) 4 (ब) 5 (स) 6 (द) 7
41. "घटनात्मक इकहरे चित्रण का नाम कहानी है।" कहानी की परिभाषा दी है-
(अ) श्री चंद्रगुप्त विद्यालंकर (ब) मुंशी प्रेमचंद (स) रवीद्र नाथ टैगोर (द) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

## रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए –

1. मासिक वेतन को----का चांद कहा गया है। (पूर्णिमा/ अमावस्या)
2. पंडित अलोपीदीन का-----पर अखण्ड विश्वास था। (सरस्वती/लक्ष्मी)
3. डॉ नगेंद्र ने-----को पुनर्जागरण काल कहा है। (भारतेंदु युग /द्विवेदी युग)
4. अंधेर नगरी _____की प्रसिद्ध रचना है। (भारतेंदु हरिश्चंद्र/ बालकृष्ण भट्ट)
5. _____युग को निबंध का स्वर्ण काल माना जाता है। (द्विवेदी युग /शुक्ल युग)
6. मियां नसीरुद्दीन के पिता का नाम ___था ।(मियां बरकत/ मियां कल्लन)
7. मियां नसीरुद्दीन अखबार बनाने वाले और पढ़ने वाले को___ समझते थे ।(कामकाजी /निट्ठल्ला)
8. पथेर पांचाली फिल्म की भाषा ___है। (हिंदी/ बांग्ला)
9. जिंदगीनामा प्रसिद्ध___ है ।(कहानी /उपन्यास)
10. मियां नसीरुद्दीन ___ के मसीहा थे ।(नानबाइयों के/ नवाबों के)
11. पापड़ से भी अधिक महीन ___रोटी होती है। (बेसनी/ तुनकी)
12. अपू की भूमिका निभाने के लिए ___वर्ष के लड़के की आवश्यकता थी। (पांच/ छः)
13. अपू की भूमिका निभाने वाले लड़के का नाम__ था ।(सुबीर बनर्जी/ सुधीर मुखर्जी)
14. इस पाठ का भाषांतर___ ने किया है। (सत्यजीत राय/ विलास गिते)
15. 'विदाई संभाषण' व्यंग्य__ पर लिखी गई रचना है। ( लॉर्ड मैकाले /लॉर्ड कर्जन)
16. ___बालमुकुंद गुप्त जी के लिए स्वाधीनता संग्राम का हथियार थी ।(राजनीति/ पत्रकारिता)
17. 'विदाई संभाषण' चर्चित व्यंग्य___ का अंश है।( शिवशंभु के चिट्ठे /चिट्ठे और खत)
18. बिछड़न समय___ होता है ।(करुणोत्पादक/ हास्योत्पादक)
19. वंशीधर ने मोहन को पढ़ने के लिए__ के साथ लखनऊ भेजा ।(रमेश /सुरेश)
20. बचपन से ही ___बड़ा बुद्धिमान था ।(मोहन/ धनराम)
21. धनराम _____का काम करता था ।(सोनार का/ लोहार का)
22. रजनी के पति का नाम___ था। (सूरज/ रवि)
23. रजनी ने हेड मास्टर से___ छोड़ने कि बात की। (घर /कुर्सी)
24. रजनी ___विधा है। (पटकथा/ कहानी)

25. रजनी पाठ के अनुसार शिक्षा ___बनती जा रही है। (बोझ/ व्यवसाय)

26. 'एक गिरजा- ए- खंदक' रचना ___की है। (कृश्नचंदर /कृष्णनाथ)

27. शेखर जोशी की कहानी___ पर चिल्ड्रन फिल्म सोसायटी द्वारा फिल्म का निर्माण हुआ। (हलवाहा /दाज्यू)

28. कृश्नचंदर का ___से गहरा संबंध है ।(प्राचीन लेखक संघ/ प्रगतिशील लेखक संघ)

29. भारत ___शब्द है। (अंग्रेजी /संस्कृत)

30. 'खैबर दर्रा ' ___दिशा में है ।(उत्तर -पश्चिम /दक्षिण -पूर्व)

31. नेहरू जी का जन्म___ में हुआ ।(1988 /1989)

32. चाचा नेहरू का जन्म दिवस ___के रूप में मनाया जाता है।( शिक्षक दिवस/ बाल दिवस)

33. अतीत के अनुभवों और प्रभावों को शब्द के माध्यम से जब अभिव्यक्ति मिलती है तो उसे-----कहा जाता है। (रेखाचित्र/संस्मरण)

34. रेखाचित्र की विधा ----से मिलती -जुलती है।(आत्मकथा /संस्मरण)

35. कहानी हिंदी गद्य की--- विधा है ।(मुख्य /गौण)

36. नाटक एवं एकांकी--- विधा है ।(श्रव्य /दृश्य)

37. संकलन त्रय ----विधा में आवश्यक है ।(उपन्यास/ एकांकी)

## **सही जोड़ी बनाकर लिखिए-**

| **अ** | **ब** |
|---|---|
| 1. रजनी | क. आत्मकथा |
| 2. बादलों के घेरे | ख. नमक का दारोगा |
| 3. अपू के साथ ढाई साल | ग. जवाहरलाल नेहरू |
| 4. मेरी कहानी | घ. पटकथा |
| 5. विश्व इतिहास की झलक | च. कहानी |
| 6. मियां नसीरुद्दीन | छ. कृष्णा सोबती |
| 7. धन पर धर्म की जीत | ज. लेख |
| 8. शेखर जोशी | झ. हास्य व्यंग्य कथा |
| 9. गलता लोहा | ट. व्यंग्य लेख |
| 10. जामुन का पेड़ | ठ. संस्मरण |
| 11. भारत माता | ड. शब्द चित्र |
| 12. सूरजमुखी अंधेरे में | ढ. देवी चारुलता |
| 13. विदाई संभाषण | ण. कृष्णा सोबती |
| 14. प्रेमचंद | त. रजनी |
| 15. सत्यजीत राय | थ. मैं हार गई |
| 16. बालमुकुंद गुप्त | द. कायाकल्प |

| | |
|---|---|
| 17. शिक्षा का व्यवसायीकरण | ध. कागज की नाव |
| 18. मन्नू भंडारी | न. नौरंगी बीमार है |
| 19. कृश्नचंदर | प. शिवशंभू के चिट्ठे |
| 20. गोगां पिकासो | फ. फ्रेंच चित्रकार |
| 21. ब्राह्मण | ब. भारतेंदु हरिश्चंद्र |
| 22. कवि वचन सुधा | भ. माखनलाल चतुर्वेदी |
| 23. मतवाला | म. बालकृष्ण भट्ट |
| 24. हिंदी प्रदीप | य. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' |
| 25. कर्मवीर | र. प्रताप नारायण मिश्र |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. वंशीधर ने किससे बैर मोल लिया था?
2. पंडित अलोपीदीन ने मुंशी वंशीधर को किस पद पर नियुक्त किया था?
3. उपन्यास एवं कहानी विधा का काल विभाजन किसके नाम के आधार पर किया गया?
4. नमक का दरोगा कहानी के अंत में किसकी जीत हुई?
5. गोदान उपन्यास एवं पूस की रात कहानी किस प्रकार की रचना है?
6. मियां नसीरुद्दीन के खानदान का पैसा क्या था?
7. 'तालीम की तालीम बड़ी चीज़ है' यह कथन किसका है?
8. पथेर पांचाली फिल्म में मिठाई बेचने वाले का नाम क्या था?
9. अपू की मां का क्या नाम था?
10. 'भारत मित्र ' के संपादक का नाम लिखिए।
11. किस शब्द की शुद्धता को लेकर बालमुकुंद गुप्त जी ने महावीर प्रसाद द्विवेदी जी से लंबी बहस की थी?
12. भारतेंदु युग और द्विवेदी युग के बीच की कड़ी किसे कहा जाता है?
13. 'खेल तमाशा 'किसकी रचना है?
14. 'गलता लोहा ' गद्य की कौन सी विधा है?
16. रमेश , मोहन को अपने साथ कहां ले गया था?
15. धनराम के पिता का व्यवसाय क्या था?
16. मोहन के गुरु का क्या नाम था?
17. जामुन के पेड़ के नीचे दबे आदमी ने किसका शेर सुनाया था?
18. डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन से रजनी किस की शिकायत करती है?
19. रजनी पटकथा का पात्र अमित सक्सेना कौन- सी कक्षा में पढ़ता है?
20. जामुन का पेड़ कहां गिरा था?
21. भारत की चर्चा नेहरू जी कब और किससे करते थे?
22. उपन्यास एवं कहानी सम्राट के नाम से कौन प्रसिद्ध हैं?

23. महावीर प्रसाद द्विवेदी जी ने सरस्वती पत्रिका का संपादन कार्य कब से प्रारंभ किया?
24. द्विवेदी युग के प्रवर्तक का नाम लिखिए।
25. भारतेंदु युग के प्रवर्तक का पूरा नाम लिखिए।
26. आधुनिक हिंदी गद्य साहित्य का प्रारंभ किस युग से माना जाता है?
27. 'हिंदी साहित्य की भूमिका 'ग्रंथ के लेखक कौन हैं?
28. हिंदी साहित्य के इतिहास का प्रथम लेखक कौन था?
29. हिंदी का प्रथम मौलिक उपन्यास कौन सा है?
30. 'कलम का सिपाही' रचना किस विधा में लिखी गई।
31. चिंतामणि किसका निबंध संग्रह है?

## सत्य /असत्य लिखिए -

1. मुंशी वंशीधर के पिता उन्हें ईमानदारी का पाठ पढ़ाते थे।
2. नमक का दरोगा कहानी के अंत में धन की जीत हुई।
3. प्रेमचंद का कहानी संग्रह मानसरोवर आठ खंडों में विभक्त है।
4. न्याय के मैदान में धर्म और धन के बीच युद्ध ठन गया।
5. मियां नसीरुद्दीन ने पंच हजारी अंदाज में सिर हिलाया।
6. अपू की मां उसे रोटी- सब्जी खिला रही थी।
7. पथेर पांचाली फिल्म के एक सीन में तीन अलग-अलग रेलगाड़ियों का इस्तेमाल किया गया है।
8. पथेर पांचाली फिल्म सन् 1955 में प्रदर्शित हुई।
9. पथेर पांचाली फिल्म के लेखक सत्यजित राय हैं।
10. विदाई संभाषण लॉर्ड कर्जन की प्रशंसा में लिखी गई रचना है।
11. बालमुकुंद गुप्त राष्ट्रीय नवजागरण के सक्रिय पत्रकार थे।
12. 'विदाई संभाषण' में भारतीयों की बेबसी ,दुख एवं लाचारी को व्यंगात्मक ढंग से लॉर्ड कर्जन की लाचारी से जोड़ने की कोशिश की गई है।
13. शेखर जोशी की कहानियां 'नई कहानी आंदोलन ' के प्रगतिशील पक्ष का प्रतिनिधित्व करती हैं।
14. गलता लोहा पाठ के लेखक शेखर जोशी हैं।
15. मोहन मास्टर त्रिलोक सिंह का चहेता शिष्य था ।
16. आठवीं कक्षा की पढ़ाई के बाद मोहन को तकनीकि स्कूल में भर्ती कराया गया।
17. 'एक पेड़ की याद' शेखर जोशी का शब्द चित्र संग्रह है।
18. रजनी पटकथा में शिक्षा के व्यवसायीकरण की समस्या को केंद्र में रखा गया है।
19. रजनी पटकथा में मिस्टर पाठक गणित विषय के शिक्षक हैं।
20. रजनी पटकथा में कुल सात दृश्य हैं।
21. जामुन का पेड़ कृश्नचंदर का एक प्रसिद्ध संस्मरण है।
22. काव्यात्मक रोमानियत और शैली की विविधता लेखक कृश्नचंदर की लोकप्रियता के मुख्य कारण हैं।
23. किसान सामान्यतः भारत माता का अर्थ धरती से लेते थे।

24. नेहरू जी के आलेख 'भारत माता ' का अंग्रेजी भाषांतर हरिभाऊ उपाध्याय ने किया।
25. संस्मरण स्मृति पर आधारित होता है।
26. जयशंकर प्रसाद को हिंदी में हिंदी में नाटक सम्राट कहा जाता है।
27. पत्र साहित्य का शिल्प लेखक की अपनी निजी क्षमता, संवेदना और कला पर निर्भर करता है।
28. सन 1900 में सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित श्री किशोरी लाल गोस्वामी की 'इंदुमती' कहानी को प्रथम कहानी माना गया है।
29. हरिशंकर परसाई, शरद जोशी, एवं ज्ञान चतुर्वेदी व्यंग्य निबंधकार हैं।
30. गद्य का परिमार्जित रूप 1920 के बाद गंभीरता तथा विशिष्ट शैली के साथ प्रस्तुत हुआ।
31. पंडित प्रताप नारायण मिश्र शुक्लोत्तर युग के निबंधकार हैं।

**लघुउत्तरीय प्रश्न** **(02 अंक)**

1. मुंशी वंशीधर ने अपना मित्र और पथ प्रदर्शक किसे बनाया?
2. पंडित अलोपीदीन की गाड़ियां कहां ,क्यों और किसने रोकी थी?
3. पंडित अलोपीदीन ने बंशीधर को अपनी सारी जायदाद का स्थाई मैनेजर क्यों नियुक्त किया?
4. नमक का दरोगा कहानी का कौन - सा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों?
5. मियां नसीरुद्दीन के व्यक्तित्व की दो विशेषताएं लिखिए।
6. नानबाई किसे कहते हैं?
7. पथेर पांचाली फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला?
8. 'भूलो ' की जगह दूसरा कुत्ता क्यों लाया गया? उसने फिल्म के किस दृश्य को पूरा किया?
9. वारिश का दृश्य चित्रित करने में क्या मुश्किल आई और उसका समाधान किस प्रकार हुआ?
10. लार्ड कर्जन कैसा वायसराय था?
11. भारत में वायसराय लॉर्ड कर्जन का शासन कब से कब तक था?
12. शिवशंभु के दो गायों की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है?
13. लार्ड कर्जन को इस्तीफ़ा क्यों देना पड़ गया?
14. 'विदाई संभाषण' रचना में देश के किस शासन काल का वर्णन किया गया है?
15. लार्ड कर्जन के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ लिखिए।
16. बालमुकुंद गुप्त ने देश को "अभागे भारत !"क्यों कहा है?
17. वंशीधर तिवारी कौन थे? उन्होंने जीवन भर कैसे आजीविका चलाई?
18. अध्यापक त्रिलोक सिंह एवं लोहार गंगाराम के दंड देने के क्या क्या ढंग थे?
19. "बिरादरी का यही सहारा होता है " यह कथन किसने , किससे कहा?
20. रजनी संपादक से क्या सहायता मांगती है?
21. शुक्ल युग के दो प्रमुख निबंधकार एवं उनकी रचना लिखिए।
22. पटकथा किसे कहते हैं?
23. रजनी पटकथा पढ़कर आपको क्या संदेश मिलता है?
24. संवेदनशील मामलों में बड़े अफसरों की राय लेना कहां तक ठीक है?लिखिए।

25. मनचले क्लर्क किस समस्या को स्वयं हल करना चाहते थे?
26. कृषि- विभाग वालों ने मामले को हॉर्टिकल्चर विभाग को सौपने के पीछे क्या तर्क दिए?
27. दबा हुआ आदमी एक कवि भी है ,यह बात कैसे पता चली?
28. नेहरू जी भारत के सभी किसानों से कौन सा प्रश्न बार-बार करते थे?
29. भारतमाता के प्रति नेहरू जी की क्या अवधारणा थी?
30. भारतेंदु युग की दो विशेषताएं लिखिए।
31. द्विवेदी युग की दो विशेषताएं लिखिए।
32. शुक्ल युग को निबंध काल का स्वर्ण युग क्यों कहा जाता है?
33. भारतेंदु युग के दो प्रमुख निबंधकार एवं उनके निबंध लिखिए।
34. रेखाचित्र से आप क्या समझते हैं?
35. रेखाचित्र एवं संस्मरण में अंतर लिखिए।
36. जीवनी तथा आत्मकथा में अंतर लिखिए।
37. कहानी तथा उपन्यास में अंतर लिखिए।
38. नाटक एवं एकांकी में अंतर लिखिए

**कवि परिचय** **(03 अंक )**

1. प्रेमचंद एवं कृष्णा सोबती का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए-
   (i) दो रचनाएँ (ii) भाषा- शैली (iii) साहित्य में स्थान।
2. सत्यजित राय एवं बालमुकुंद गुप्त का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए-
   (i) दो रचनाएँ (ii) भाषा- शैली (iii) साहित्य में स्थान।

3. मन्नू भंडारी एवं शेखर जोशी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए-
   (i) दो रचनाएँ (ii) भाषा- शैली (iii) साहित्य में स्थान।

**निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए-**
**(04 अंक)**

1. नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मज़ार है। निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए। ऐसा काम ढूंढ़ना जहां कुछ ऊपरी आय हो। मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चांद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते- घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्रोत है जिससे सदैव प्यास बुझती है।

2. पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मीजी पर अखण्ड विश्वास था। वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना ही क्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज्य है। उनका यह कहना यथार्थ ही था। न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने हैं, इन्हें वह जैसे चाहती हैं, नचाती हैं।

3. दुनिया सोती थी, दुनिया की जीभ जागती थी। सवेरे देखिए तो बालक- वृद्ध सब के मुंह से यही बात सुनाई देती थी। जिसे देखिए वही पंडित जी के इस व्यवहार पर टीका -टिप्पणी कर रहा था, निंदा की बौछारें हो रही थीं, मानो संसार से अब पापी का पाप कट गया।

4. मियाँ नसीरुद्दीन हमारी ओर कुछ ऐसे देखा कि उन्हें हमसे जवाब पाना हो। फिर बड़े ही मँजे अंदाज में कहा 'कहने का मतलब साहिब यह कि तालीम की तालीम भी बड़ी चीज़ होती है।' आखिर एक दिन हुआ भी वैसा ही। शरद ऋतु में भी आसमान में बादल छा गए और धुआंधार बारिश शुरू हुई।उसी बारिश में भीगकर दुर्गा भागती हुई आई और उसने पेड़ के नीचे भाई के पास आसरा लिया। भाई -बहन एक -दूसरे से चिपक कर बैठे।

5. बिछड़न -समय बड़ा करुणोत्पादक होता है। आपको बिछड़ते देखकर आज हृदय में बड़ा दुख है। माइ लार्ड ! आपके दूसरी बार इस देश में आने से भारतवासी किसी प्रकार प्रसन्न न थे। वे यही चाहते थे कि आप फिर ना आवें। पर आप आए और उससे यहां के लोग बहुत ही दुखित हुए। वे दिन -रात यही मनाते थे कि जल्द श्रीमान यहां से पधारे।

6. आप बहुत धीर -गंभीर प्रसिद्ध थे। उस सारी धीरता- गंभीरता का आपने इस बार कौंसिल में बेकानूनी कानून पास करते और कन्वोकेशन वक्तृता देते समय दिवाला निकाल दिया। यह दीवाला तो इस देश में हुआ। उधर विलायत में आपके बार-बार इस्तीफ़ा देने की धमकी ने प्रकाश कर दिया कि जड़ हिल गई है।

7. पीढ़ियों से चले आते पैतृक धंधे ने उन्हें निराश कर दिया था। दान -दक्षिणा के बूते पर वे किसी तरह परिवार का आधा पेट भर पाते थे। मोहन पढ़ -लिख कर वंश का दारिद्र्य मिटा दे यह उनकी हार्दिक इच्छा थी। लेकिन इच्छा होने भर से ही सब -कुछ नहीं हो जाता।

8. .धनराम की संकोच, असमंजस और धर्म- संकट की स्थिति से उदासीन मोहन संतुष्ट भाव से अपने लोहे के छल्ले की त्रुटिहीन गोलाई को जांच रहा था। उसने धनराम की ओर अपनी कारीगरी की स्वीकृति पाने की मुद्रा में देखा। उसकी आंखों में एक सर्जक की चमक थी_जिसमें न स्पर्धा थी और न ही किसी प्रकार की हार -जीत का भाव।

9. शाम के पांच बजे स्वयं सुपरिंटेंडेंट कवि की फ़ाइल लेकर उसके पास आया,"सुनते हो!"आते ही वह खुशी से फ़ाइल को हिलाते हुए चिल्लाया,"प्रधानमंत्री ने इस पेड़ को काटने का हुक्म दे दिया, और इस घटना की शायरी अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारी अपने सिर ले ली है। कल यह पेड़ काट दिया जाएगा, और तुम इस संकट से छुटकारा हासिल कर लोगे।

10. कभी ऐसा भी होता कि जब मैं किसी जलसे में पहुंचता, तो मेरा स्वागत "भारत माता की जय!"इस नारे से जोर के साथ किया जाता। मैं लोगों से अचानक पूछ बैठता कि इस नारे से उनका क्या मतलब है? यह भारत माता कौन है, जिसकी वे जय चाहते हैं।

# इकाई - 4

# भाषा बोध

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 4 | **भाषा बोध**<br>• शब्द(क्षेत्रीय तकनीकी एवं निपात शब्द)<br>• शब्द युग्म एवं उनके प्रकार<br>• वाक्य परिचय एवं प्रकार(अर्थ एवं रचना के आधार पर)<br>• वाक्य शुद्धिकरण एवं वाक्य परिवर्तन<br>• मुहावरे एवं लोकोक्तियां<br>• राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा<br>• भाव पल्लवन,सार संक्षेपण,विज्ञापन लेखन, संवाद लेखन एवं अनुच्छेद लेखन | 12 | 05 | 02 | 01 | ___ | ___ | 03 |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (01 अंक)

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. 'फूले न समाना' मुहावरे का अर्थ है-

   (अ) भूल जाना (ब) अत्यंत खुश होना (स) अत्यंत प्रेम करना (द) अत्यंत दुखी होना

2. 'बात का धनी होना 'मुहावरे का अर्थ है-

(अ) बहुत पैसे वाला (ब) बातों से कमाई करने वाला (स) जुबान का पक्का होना (द) खानदानी होना

3. निम्नलिखित में से कौन सा मुहावरा है-

(अ) पौ बारह होना (ब) थोथा चना बाजे घना (स) अंधों में काना राजा (द) नाम बड़े और दर्शन छोटे

4. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद होते हैं-

(अ) दो प्रकार (ब) तीन प्रकार (स) पांच प्रकार (द) आठ प्रकार

5. पाठ ध्यानपूर्वक पढ़ो में 'ध्यान पूर्वक' है -

(अ) रीतिवाचक क्रिया विशेषण (ब) गुण वाचक क्रिया विशेषण

(स) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण (द) कालवाचक क्रिया विशेषण

6. मुझे तुमसे ज्यादा अंक मिले पंक्ति में 'ज्यादा' है-

(अ) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण (ब) स्थान वाचक क्रिया विशेषण

(स) रीतिवाचक क्रिया विशेषण (द) कालवाचक क्रिया विशेषण

7. मैं आज ही आया हूं पंक्ति में 'ही' है-

(अ) निपात (ब) तत्सम शब्द (स) तद्भव शब्द (द) क्रिया

8. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी है-

(अ) कवित्री (ब) कवयित्री (स) कवयित्री (द) कवइत्री

9. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी है-

(अ) प्रदर्शनी (ब) प्रदर्शिनी (स) प्रर्दशिनी (द) प्रदर्शनि

10. 'क्षेत्र' का तद्भव है-

(अ) घर (ब) मैदान (स) खेत (द) क्षेत्रफल

11. आदर -सत्कार में शब्द -युग्म है-

(अ) समानार्थक शब्द युग्म (ब) सजातीय शब्द युग्म (स) विपरीतार्थक शब्द युग्म (द) निरर्थक शब्द युग्म

12. 'खुसर -फुसर' में शब्द -युग्म है-

(अ) निरर्थक शब्द युग्म (ब) सजातीय शब्द युग्म (स) विपरीतार्थक शब्द युग्म (द) पुनरुक्त शब्द युग्म

13. "हम इस मामले को हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट के हवाले कर रहे हैं क्योंकि यह एक फलदार पेड़ का मामला है" -वाक्य है-

(अ) संयुक्त वाक्य (ब) सरल वाक्य (स) मिश्रित वाक्य (द) सरल और मिश्रित वाक्य

14. ऐसे वाक्य जिनमें किसी का या किसी की अस्तित्व का पता चलता है। वह-

(अ) विधि वाचक वाक्य (ब) इच्छा वाचक वाक्य (स) संकेतवाचक वाक्य (द) निषेधवाचक वाक्य

15. मालवी बोली बोली जाती है-

(अ) सागर (ब) छतरपुर (स) मंदसौर (द) रीवा

16. 'तुम्हारा घर कहां है' वाक्य के अंत में कौन सा विराम चिन्ह लगेगा-

(अ) , (ब) ? (स) ! (द) ।

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए-**

1. संस्कृत भाषा से हिंदी में बिना परिवर्तन के आये शब्द----- कहलाते हैं।(तत्सम /तद्भव)
2. उठा-पटक शब्द में - - - है ।(विपरीतार्थक शब्द युग्म /समानार्थक- निरर्थक शब्द युग्म)
3. बेचारा सेक्रेटरी उसी समय अपनी गाड़ी से से सवार होकर सेक्रेट्रिएट पहुंचा और दवे हुए आदमी से इंटरव्यू लेने लगा- - - वाक्य है ।(संयुक्त वाक्य /सरल वाक्य)
4. वह परिश्रम करता तो अधिक सफल होता- - - वाक्य है।( संकेतवाचक/ संदेह वाचक )
5. एक क्रिया से दूसरी क्रिया पर निर्भर रहने वाले वाक्यों को- - - वाक्य कहते हैं।(संदेहवाचक/ विधि वाचक)
6. सरकारी कामकाज की भाषा को- - - कहते हैं । (राजभाषा /राष्ट्रभाषा)
7. जो वाक्य एक दूसरे पर आश्रित नहीं होते हैं और संयोजक अव्यय से जुड़े होते हैं - - - वाक्य कहते हैं । (संयुक्त वाक्य/ मिश्रित वाक्य)
8. - - - का प्रयोग वाक्य के बीच में होता है।( मुहावरा /लोकोक्ति)
9. - - - वाक्यांश होता है ।(लोकोक्ति /मुहावरा)
10. मालवीय और निमाड़ी भाषाएं- - - हैं। (क्षेत्रीय/ राजभाषा)
11. रचना के आधार पर वाक्य- - - प्रकार के होते हैं । (3/ 8 )
12. शब्दों के सार्थक समूह को- - - कहते हैं। (भाषा /बोली )

13. सार-संक्षेपण में विषय को- - - शब्दों में व्यक्त किया जाता है।( एक तिहाई/ दो तिहाई )

14. थोड़े से सपने में 'सपने' - -  - है ।(तत्सम/ तद्भव)

15. मयस्सर का अर्थ- - - है।( उपलब्ध /आसान)

16. 'मुतमइन'  का अर्थ- - - है।( आश्वस्त /निरस्त)

17. पर्चेजिंग पावर- - - भाषा है ।(क्षेत्रीय /विदेशी)

## सही जोड़ी बनाकर लिखिए-

**i- अ** | **ब**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. मुख | क-मुहावरा |
| 2. काष्ठ | ख-निपात |
| 3. क्षेत्र | ग-खेत |
| 4. तुम भी आ गए | घ-मुंह |
| 5. छाती पटना | ड.-काठ |

**ii-**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. हाथ मलना | क-पुनरुक्त शब्द युग्म |
| 2. बाल की खाल निकालना | ख- सम वर्गीय शब्द युग्म |
| 3. आंखों में घूमना | ग-  बराबर याद आना |
| 4. पशु पक्षी | घ-पश्चाताप करना |
| 5. ढेर के ढेर | ड-  व्यर्थ  का दोष निकालना |

**iii-**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. शुभकामनाएँ  ,आशीर्वाद | क-  निपात |
| 2. सरकारी कामकाज की भाषा | ख-  इच्छा वाचक |
| 3. बहुसंख्यक के लोगों की भाषा | ग-  सरल वाक्य |
| 4. एक क्रिया और एक कर्ता | घ-राजभाषा |
| 5. जो शब्द के अर्थ पर बल देने के लिए प्रयोग किया जाता है | ड-    राष्ट्रभाषा |

**iv- अ ब**

| | |
|---|---|
| 1. बहुत छोटे क्षेत्र में बोली जाने वाली बोली | क- देशज |
| 2. जिन शब्दों की मूल का पता ना हो लेकिन प्रचलित होते हैं। | ख- निमाड़ी |
| 3. खण्डवा खरगोन। | ग- बोली |
| 4. जलद। | घ-कमल |
| 5. जलज | ड-बादल |

**v- अ ब**

| | |
|---|---|
| 1. संस्कृत से हिंदी में परिवर्तन के साथ प्रयुक्त शब्द | क मुहावरा |
| 2. रीवा सीधी सतना | ख- भाषा |
| 3. ध्वनियों के समूह को | ग- विभाषा |
| 4. बोली का अर्ध विकसित रूप। | घ- तद्भव |
| 5. लक्ष्यार्थ। | ड- बघेली |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. नमक का दरोगा कहानी में प्रयुक्त एक मुहावरा लिखिए।
2. तकनीकी शब्द से क्या तात्पर्य है लिखिए।
3. शब्द युग्म की परिभाषा लिखिए।
4. पुनरुक्त शब्द युग्म का एक उदाहरण लिखिए।
5. वाक्य किसे कहते हैं ?लिखिए।
6. इच्छा वाचक वाक्य का एक उदाहरण लिखिए।
7. विज्ञापन लेखन में ध्यान देने योग्य एक बात लिखिए।
8. राजभाषा की परिभाषा लिखिए।
9. राष्ट्रभाषा की परिभाषा लिखिए।
10. 'सीधे मुंह बात ना करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।
11. 'कौडियों पर ईमान बेच देना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।
12. समुद्र के तीन पर्यायवाची लिखिए।
13. सार - संक्षेपण का अर्थ लिखिए।
14. क्रिया विशेषण किसे कहते हैं? लिखिए।
15. बोली किसे कहते हैं ?लिखिए ।
16. विभाषा किसे कहते हैं? लिखिए।

17. निपात किसे कहते हैं ?लिखिए।

18. उपसर्ग और प्रत्यय में अंतर लिखिए।

19. मुहावरे और लोकोक्ति में अंतर लिखिए। 20-निपात का एक उदाहरण लिखिए।

## सत्य - असत्य लिखिए-

1. रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं।
2. जिन शब्दों का लिखित स्रोत नहीं होता है देशज शब्द कहते हैं।
3. प्रस्तर का तद्भव प्रथम होता है।
4. किसी शब्द पर विशेष बल देने के लिए निपात का प्रयोग किया जाता है।
5. गांव-गांव में अर्ध- पुनरुक्त शब्द -युग्म है।
6. अर्थ के आधार पर वाक्य 8 प्रकार के होते ।
7. सदासच बोलो यह आज्ञावाचक वाक्य है।
8. राष्ट्रभाषा संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त होना आवश्यक है।
9. ऑफीसियललेग्वेज को राष्ट्रभाषा कहते है ।
10. लोकोक्ति के पीछे कोई घटना या कहानी अवश्य होती है ।
11. उपसर्ग किसी शब्द या शब्दांश में पहले प्रयोग होता है।
12. उन्मुक्त तद्भव शब्द है।
13. सपनों का मर जाना मुहावरे का अर्थ नींद नहीं आना है।
14. भाषा हमेशा कठिन सा से सरलता उन्मुख होती है।
15. बोली में साहित्य लिपिबद्ध होता है।
16. मच्छी का तत्सम मछली होता है।
17. जुगनू की लौ में पढ़ना मुहावरे का अर्थ कम रोशनी में पढ़ना है।
18. मन का मैल हट जाना मुहावरे का अर्थ शिकायत करना है।
19. 'जिसका कोई शत्रु न' हो के लिए अनजान शत्रु का कहते हैं।
20. बोली का विकास मान रूप जिसमें साहित्य रचा जाता है उसे विभाषा कहते हैं।
21. :-आदेश विरामचिन्ह है।
22. " " उद्धरण या "चिन्ह कहते हैं।

## लघुउत्तरीय प्रश्न (02 अंक)

1. शब्द युग्म किसे कहते हैं ? यह कितने प्रकार के होते हैं? उदाहरण सहितलिखिए।
2. विज्ञापन लेखन में किन किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है लिखिए।
3. राजभाषा और राष्ट्रभाषा में कोई तीन अंतर लिखिए।
4. क्रिया विशेषण किसे कहते हैं? एक उदाहरण लिखिए।

5. **निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित करके लिखिए -**

i. लुट्टन ढोलक को अपना गुरु मानता है । (निषेधवाचक )

ii. गणित का प्रश्न पत्र बहुत कठिन है । (बिना अर्थ बदले नकारात्मक)

iii. ईमानदार व्यक्ति कभी झूठ नहीं बोलता । (संकेतवाचक )

iv. ढोलक की आवाज उसे उत्साहित करती है। (प्रश्नवाचक)

v. गोपाल आज इंदौर गया (संदेह वाचक)

6. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए -**

i. कई ऑफिसों के अधिकारी छुट्टी लेकर चले गए।

ii. बंदूक एक उपयोगी शस्त्र है ।

iii. रामचरितमानस सबसे श्रेष्ठतम ग्रंथ है ।

iv. आपका स्वास्थ्य अब कैसा है ।

v. वह प्रतिदिन सवेरे की समय पड़ता है। आपके सामने एक गहरी समस्या है।

vi. जंगल में शेर चिंघाड़ने ने लगा।

vii. वह खाना खाकर के जाएगा।

viii. वह संतान को लेकर दु:खी है ।

ix. लक्ष्मीबाई तेजस्वी नारी थी।

x. मेरी अंकसूचि गुम हो गई है।

xi. हवा चल रही है।

xii. उसका होश उड़ गया।

## भाव पल्लवन/ संवाद लेखन /अनुच्छेद लेखन /विज्ञापन लेखन (03 अंक)

## निम्नलिखित विषयों का भाव पल्लवन कीजिए-

1. साहित्य समाज का दर्पण है।
2. अज्ञान सर्वत्र आदमी को पछाडता है ।
3. क्रोध अंधा होता है ।
4. चरित्र सबसे बड़ा धन है ।
5. आज मर्यादाओं को फिर से पहचानना होगा।
6. सब उन्नति का मूल धर्म है।

**संवाद लेखन-**

1. एक महिला और सब्जी विक्रेता का संवाद लिखिए।

2. पिता-पुत्र में पढ़ाई को लेकर हुई बातचीत लिखिए।
3. आप अपने हिंदी अध्यापक से परिचय प्राप्त करते हुए संवादों को लिखिए।
4. दो मित्रों में बढ़ती महंगाई के विषय में बातचीत लिखिए।
5. भाई -बहन में किसी शरारत पर पिता से मिलने वाले संभावित दंड पर बातचीत लिखिए।

**निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए** -

1. संगठन में शक्ति है ।
2. विद्यार्थी और अनुशासन।
3. व्यायाम से लाभ
4. खेलों का महत्व
5. देश के प्रति हमारा कर्तव्य
6. विज्ञान और कंप्यूटर
7. कंप्यूटर आज की आवश्यकता है ।
8. आधुनिक शिक्षा प्रणाली
9. साइबर क्राइम व रोकथाम के उपाय
10. वैश्विक आपदा से निपटने के में युवाओं की भूमिका।

**निम्नलिखित विषयों पर विज्ञापन लिखिए** -

1. हास्तकला के प्रचार प्रसार के लिए हाथ से बनी किसी वस्तु की बिक्री हेतु एक विज्ञापन बनाकर लिखिए।
2. पुस्तकों की दुकान का एक विज्ञापन बनाकर लिखिए
3. सौंदर्य प्रसाधन सामग्री बिक्री के लिए एक विज्ञापन लिखिए।
4. आपकी दुकान इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे फ्रिज ,कूलर, प्रेस इत्यादि की है इसकी बिक्री के लिए एक विज्ञापन लिखिए।

# इकाई - 5

# वितान भाग – 1

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 5 | वितान भाग - 1<br>पूरक पाठ्य पुस्तक से विविध पाठों पर आधारित प्रश्न | 07 | 05 | 01 | --- | --- | --- | 01 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(01 अंक)**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. लता मंगेशकर के पिता का नाम था –

(अ) दीनानाथ मंगेशकर (ब) हृदयनाथ मंगेशकर (स) कुमार गंधर्व (द) रामनाथ मंगेशकर

2. लता के स्वरों मे है –

(अ) निर्मलता (ब) पवित्रता (स) गानपन (द) मीठापन

3. कुई की खुदाई की जाती है –

(अ) फावड़े से (ब) गेंती से (स) बसौली से (द) खुरपी से

4. कुंई की खुदाई करने वालों को क्या कहते है –

(अ) चेजारो (ब) चेजा (स) चेज (द) चेवांजो

5. वह भूजल जो कुओं में से निकाला जाता है कहते है –

(अ) पालर पानी (ब) पाताल पानी (स) रेजाणी पानी (द) मीठा पानी

6. कुई को बांधने बाली रस्सी किस घास से बनती है –

(अ ) सीप (ब) छीप (स) खीप (द) दीप

7. भारतीय संगीत में प्राचीन काल से प्रचलित सबसे पुराना वाद्य यंत्र कौन सा है –

(अ) वीणा (ब) सितार (स) डमरू (द) बांसुरी

8. गीतगोविन्द के रचयिता कौन है –

(अ) जयदेव (ब) श्रीदेव (स) घनदेव (द) महादेव

9. तातुश क्या थे –

(अ) शिक्षक (ब) कृषक (स) डॉक्टर (द) लेखक

10. मधुवनी चित्रकला किस प्रांत की है –

(अ) मिथिला (ब) उड़ीसा (स) महाराष्ट्र (द) मध्यप्रदेश

## रिक्त स्थान में सही विकल्प चुनकर लिखिए –

1. संगीत के क्षेत्र में लय............प्रकार की होती है । (दो/तीन)

2. शास्त्रीय गायन की महफिल............की होती है । (तीन घंटे/तीन मिनिट)

3. चित्रपट संगीत का मुख्य गुण धर्म............है । (चपलता/गंभीरता)

4. कुई की खुदाई का काम...........कहलाता है । (चेजा/चेजारो)

5. सीधे बरसात से मिलने वाला पानी...........है । (रेजाणीपानी/पालरपानी)

6. तातुश के यहां बेबी हालदार को...........ने काम दिलवाया । (सुनील/राजीव)

7. बेबी हालदार ने कक्षा............तक पढाई की थी (छठी – सातवी/सातवी आठवी)

8. ............काल कलाओं के लिए स्वर्ण युग माना जाता है । (गुप्त/मौर्य)

9. ............का शास्त्रीय नृत्य कुचिपुड़ी है । (आंध्रप्रदेश/कर्नाक

10. ........... से ही शास्त्रीय नृत्य विकसित हुआ । (लोकनृत्य/समूहनृत्य)

**सही जोड़ियां बनाकर लिखिए –**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| 1. | स्वर साम्राज्ञी | क शब्दकोश |
| 2. | राजस्थान की रजत बूंदे | ख राजस्थान |
| 3. | आलो आंधारि | ग महाराष्ट्र |
| 4. | विलायत खाँ | घ गुजरात |
| 5. | बांग्ला अभिधान | ड़ आसाम |
| 6. | घूमर | च लता मंगेशकर |
| 7. | लावणी | छ अनुपम मिश्र |
| 8. | दांडिया रास | ज बेबी हालदार |
| 9. | विहु | झ सितार वादक |
| 10. | छाओ | ञ तमिलनाडु |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | भरत नाट्यम | ट केरल |
| 12. | कथकलि | ठ ब्रह्ममुहुर्त |
| 13. | कजरी | ड झारखण्ड |
| 14. | भैरवराग | ढ दोपहर |
| 15. | दीपक और श्रीराग | ण गिरिजा देवी |

## एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

1. लता जी की लोकप्रियता का मुख्य मर्म क्या है?
2. लतामंगेशकर से पहले चित्रपट संगीत में कौनसी गायिका का बोलबाला था?
3. रेजाणी पानी किसे कहते है?
4. कुई की चिनाई करने के लिये सबसे उम्दा लकड़ी कौन सी होती है?
5. आलो आँधारि का क्या अर्थ है?
6. तातुश ने बेबी को सर्व प्रथम पढने को कौन सी पुस्तक दी?
7. बेबी हालदार का घर टूटने के बाद उसे उसे किसने आश्रय दिया?
8. आशा पूर्णा देवी की रचना का नाम क्या है?
9. सबसे प्राचीन चित्र किसे माना जाता है?
10. कलमकारी किस प्रदेश की चित्रकारी है?
11. एलोरा की गुफाएँ कब तैयार की गई?
12. भारतीय संगीत किससे संबद्ध है?
13. भारत का प्राचीन मुख्य वाद्य यंत्र क्या है?
14. हिमाचल प्रदेश के लोकनृत्य कौन से है?
15. रात्रि में गाये जाने वाले राग कौन से है?

## सत्य/असत्य लिखिए –

1. लतामंगेशकर चित्र पट संगीत की अनभिषिक्त सम्राज्ञी है?
2. संगीत का क्षेत्र विस्तीर्ण है?
3. कुई का व्यास घेरा बहुत चौड़ा होता है?
4. चेलवांची अपने सिर पर पगड़ी पहनते है?
5. आज भी खरे हैं तालाब के लेखक अनुपम मिश्र है?
6. कुमार गंधर्व ने कबीर के पदो का गायन किया है?
7. बेबी हालदार ने अपनी डायरी बांग्ला में लिखी?
8. बेबी हालदार को संजने संवरने का शौक था?

9. आशापूर्ण देवी की रचना पाखिर खाँचा, खाँचार पाखि है?

10. पंजाब की महिलाये गर्वा नृत्य करती है?

11. भीमबैठका के शैलचित्र अभी वनाए गये है?

12. रंगोली, अल्पना चित्रकला के रूप है?

13. सामवेद में चित्रकला के निर्देश दिए गये है?

14. राजस्थान के महिलाए गिद्‌दा नृत्य करती है?

15. लावणी नृत्य अद्‌भुत ऐंद्रिक आकर्षण के लिए प्रसिद्‌ध है?

**लघु उत्तरीय प्रश्न -** **(02 अंक)**

1. लता मंगेशकर के गायन की विशेषताएँ लिखिए ।
2. शास्त्रीय संगीत और चित्रपट संगीत में क्या अंतर है ।
3. "चित्रपट संगीत ने लोगों के कान बिगाड़ दिये" कुमार गंधर्व ने ऐसा क्यों कहा।
4. लतामंगेशकर को भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ क्यौ कहा गया है ।
5. कुई खुदाई करते समय सिर पर धातु का टोप क्यों पहनते है।
6. कुई की चिनाई कितने तरीकों से की जाती है । लिखिए ।
7. कई का मंह छोटा रखने के क्या कारण है । लिखिए।
8. पालर पानी किसे कहते है ।
9. पाताल पानी किसे कहते है ।
10. रेजाणी पानी किसे कहते है ।
11. बेबी हालदार को किन प्रसिद्‌ध लेखकों के नाम याद थे ।
12. तातुश ने बेबी हालदार को पेन और कॉपी देकर क्या कहा था ।
13. तातुश बेबी हालदार को क्या मानते थे और क्या कहते थे ।
14. बेबी हालदार को लिखने के लिये कौन कौन प्रोत्साहित करते थे ।
15. कलकत्ता के बंधु ने बेबी के लेखन के बारे में पत्र में क्या लिखा है ।
16. तातुश ने बेबी के बड़े बेटे के बारे में क्या सोचा ।
17. रमण दा के किस काम को देखकर बेबी को बहुत हंसी आई ।
18. आशा पूर्णा देवी अपना लेखन कार्य कब करती थी ।
19. बेबी हालदार ने अपने सजने संवरने के बारे में क्या लिखा ।
20. बेबी हालदार ने सर्वप्रथम चिट्‌ठी किसे और क्यों लिखी है ।
21. अनुपम मिश्र ने किस विषय पर लेखन कार्य किया और कितनी पुस्तके लिखी ।
22. कुमार गंधर्व ने गायन के क्षेत्र में क्या कार्य किये ।
23. नृत्य और नर्त्य में क्या अंतर है ।

24. गुप्तकाल को कलाओं का स्वर्ण युग क्यों कहा जाता है ।
25. भारतीय कलाऔं का विस्तार विश्व के किन – किन देशों में दिखाई देता है ।
26. संगीत की शास्त्रीय परंपरा की शुरूआत कैसे हुई ।
27. एक मार्गी संगीत और देशी संगीत में क्या अंतर है ।
28. स्थायी चित्रकला और अस्थायी चित्रकला के कौन – कौन से रूप है ।
29. नृत्यकला का संबंध जीवन की किन किन घटनाओं से संबंधित है ।
30. भारतीय नृत्य का सबसे आकर्षक रूप क्या है ।
31. राजस्थान में कुंई किसे कहते है ।
32. शास्त्रीय एवं चित्रपट संगीत के महत्व का आधार क्या होना चाहिऐ । कुमार गंधर्व की राय लिखिए ।
33. आलो ऑधरि रचना बेबी की व्यक्तिगत समस्यायों और सामाजिक मुद्दों पर आधारित है । कोई दो समस्यायों को लिखिए ।
34. भारतीय कलाओं और भारतीय संस्कृति में क्या संबंध है ?

---------xxxx--------

# इकाई - 6
# अभिव्यक्ति और माध्यम

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 6 | पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न | 07 | 05 | 01 | ------ | ------- | ------- | 01 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(01 अंक )**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. शब्द परी के अनुसार शब्द लोक की आबादी है -

(अ) 1 लाख (ब) 2 लाख (स) 5 लाख (द) 6 लाख

2.शब्द परी का नाम था-

(अ) नीरजा (ब) चंद्रिका (स) जान्हवी (द) जिज्ञासा

3.शब्दकोश की निर्देशिका को कहते हैं-

(अ) व्यक्ति कोश (ब) चरित्र कोश (स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

4.किसी सामग्री से उसकी अशुद्धियों को दूर करके उसे पठनीय यह बनाना कहलाता है -

(अ) संपादन (ब) पत्रकारिता (स) पटकथा (द) जनसंचार

5.शब्द परी आई थी-

(अ) शब्दों के रथ पर (ब) फूलों के रथ पर (स) यादों के रथ पर (द) जादुई रथ पर

6. बायोडाटा की भाषा होनी चाहिए -

(अ) आलंकारिक (ब) सरल एवं सीधी (स) घुमावदार (द) चौंकाने वाली

7. सर्कुलर को हिंदी में कहते हैं-

(अ) प्रेस विज्ञप्ति (ब) परिपत्र (स) कार्यवृत्त (द) टिप्पण

8.एनी फ्रंट में अपनी डायरी में अनुभव लिखे हैं-

(अ) ब्रिटिश अत्याचार के (ब) ग्रीक अत्याचार

(स) नाजियों के अत्याचार के (द) फ्रेंच अत्याचार के

9.पुराने समय में मनोरंजन के साथ-साथ संदेश पहुंचाने का कार्य करते थे -

(अ) लावणी (ब) तमाशा (स) नौटंकी (द) उपर्युक्त सभी

10. सन 1894 में बनी फिल्म “द अराइवल ऑफ ट्रेन” किस देश में बनी-

(अ) फ्रांस (ब) जर्मनी (स) यूरोप (द) इंडिया

## रिक्त स्थानों में सही शब्द चुनकर लिखिए-

1.संचार शब्द की उत्पत्ति ....... धातु से हुई है।( संच /चर )

2.संचार प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को .......कहते हैं।।( हर्डल /नॉइस )

3.जनसंचार का अंग्रेजी पर्याय............. है ।।( मास कॉम्युनिकेशन / टैली कॉम्युनिकेशन )

4...................... को भारत का पहला समाचार वाचक माना जाता है।।( संजय/ देवर्षि नारद )

5. हिंदी का पहला साप्ताहिक पत्र........... है।।( उदंत मार्तंड/कर्मवीर )

6. उदंत मार्तंड के संपादक ..............थे।( पंडित जुगल किशोर शुक्ल /महावीर प्रसाद द्विवेदी )

7.प्रसिद्ध उपन्यास देवदास के लेखक .................. हैं।।( बंकिमचंद्र चटर्जी / शरतचंद्र चट्टोपाध्याय )

8.....................की तरह फ्लैश फॉरवर्ड भी पटकथा लेखन की एक तकनीक है।।( स्क्रीन / फ्लैश बैक )

9.संचार प्रक्रिया में प्राप्तकर्ता की प्रतिक्रिया को................ कहते हैं। ( फीडबैक / रिस्पांस )

10.स्वर रहित व्यंजन से प्रारंभ होने वाले शब्द उस वर्ण से आरम्भ होने वाले सभी शब्दों के .....रखे जाते हैं।।(पहले/बाद )

## सही जोड़ी बना कर लिखिए -

| | |
|---|---|
| 1.स्कूटी करण | क मैत्री भाव |
| 2.ऑल इंडिया | ख 1976 |
| 3.दूरदर्शन का नामकरण | ग एनकोडिंग |
| 4.अनौपचारिक पत्र | घ रिमाइंडर |
| 5.अनुस्मारक | ङ 1936 |

## एक वाक्य में उत्तर लिखिए-

1.भारतीय टेलीविजन को दूरदर्शन नाम कब दिया गया?

2.सिनेमा के आविष्कार का श्रेय किसे दिया जाता है?

3.भारत की पहली मूक फिल्म कौन सी थी?

4.भारत की पहली बोलती फिल्म कौन सी थी?

5.पाथेर पंचाली फिल्म के निर्देशक का नाम बताइए।

6.स्टिंग ऑपरेशन से आप क्या समझते हैं ?

7.आनुषंगिक टिप्पण क्या है?

8.अनुस्मारक को और क्या कहा जाता है।

9.रामवृक्ष बेनीपुरी की डायरी का नाम क्या है।

10.टिप्पणी का हिंदी पर्याय क्या है?

## सत्य या असत्य लिखिए -

1.जनसंचार माध्यमों का लोगों पर केवल सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

2.ऐनी फ्रैंक जर्मनी में पैदा हुई एक यहूदी लड़की थी।

3.डायरी परिष्कृत और मानक भाषा में लिखी जानी चाहिए।

4. डायरी नितांत वैयक्तिक रचना है।

5. पटकथा को अंग्रेजी में स्क्रीनप्ले कहा जाता है।

6.टिप्पणी लेखन सदैव अन्य पुरुष में किया जाता है।

7.स्ववृत्त अर्थात बायोडाटा की भाषा अलंकारिक होती है।

8.शब्दकोश में क्ष अक्षर क वर्ग के साथ में ही आता है।

9. इंटरनेट संचार का अंतर क्रियात्मक माध्यम है।

10.सरकारी पत्र अनौपचारिक पत्र की श्रेणी में आते हैं ?

## लघु उत्तरीय प्रश्न - (02अंक)

1.हिंदी का पहला सप्ताहिक पत्र कौन सा था और कहां से संपादित हुआ था?

2.जनसंचार माध्यमों के क्या खतरे हैं?

3.जनसंचार माध्यमों के चार महत्वपूर्ण उद्देश्य लिखिए।

4.इंटरनेट पत्रकारिता ने दुनिया को किस प्रकार समेट लिया है ?

5.पत्रकारिता क्या है?

6.समाचार के तत्वों के नाम लिखिए।

7.संपादन के लिए किन सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक है?

8.पीत पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं?

9.खोज परक पत्रकारिता क्या है?

10.वॉच डॉग पत्रकारिता क्या है?

11.पेज थ्री पत्रकारिता को समझाइए।

12.डायरी लेखन की दो महत्वपूर्ण विशेषताएं लिखिए।

13.अपने जीवन की किसी एक महत्वपूर्ण घटना पर तीन दिवसों की डायरी लिखिए ।

14.पटकथा क्या है? समझाइए ।

15.फ्लैशबैक तकनीक के कोई दो बिंदु लिखिए।

16.स्ववृत्त की दो विशेषताएं लिखिए।

17शब्दकोश में किसी एक वर्ण की मात्राओं को क्रम से बताइए।

18.अनुस्मारक किसे कहते हैं?

19.अर्ध सरकारी पत्र और औपचारिक पत्र में क्या अंतर है?

20. टिप्पणी किसे कहते हैं?

**----------xxxx---------**

# इकाई - 7

# अपठित बोध

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 7 | अपठित बोध - अपठित काव्यांश / गद्यांश | 03 | —— | — | 01 | | — | 01 |

## अपठित गद्यांश

(1)अधिकार का संसार बड़ा मधुर होता है, वे बड़े सुंदर और आकर्षक होते हैं। परंतु अधिकारों की शोभा कर्तव्य पालन से है। अधिकार प्राप्त करके जो अपने कर्तव्य का पालन नहीं करता उससे अधिकार छीन ले जाते हैं। नागरिक जीवन में अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य भी लगे हुए हैं। अधिकारों के बदले में हमें समाज के प्रति भी पढ़ते हैं। बिना कर्तव्य के नागरिक के अधिकार सुरक्षित नहीं रह सकते। हमारा सर्वश्रेष्ठ कर्तव्य राष्ट्रभक्त रहना है। जो शासन हमारी सुख समृद्धि के लिए निरंतर प्रयत्नशील है, उसकी रक्षा के लिए सदैव सन्नद्ध रहना चाहिए। हमारा यह कर्तव्य है कि हम देश में शांति और अव्यवस्था न फैलने दें। राज्य हमारी उन्नति के लिए जो कुछ करता है,उन कार्यों के लिए धन की आवश्यकता होती है। हमें राज्य द्वारा लगाए गए करों को प्रसन्नता पूर्वक देना चाहिए। जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति बिगड़ने न पाए।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
2. अधिकारों की शोभा किससे है?
3. सन्नद्ध का विलोम लिखिए।

(2)सफलता प्राप्ति का मूल मंत्र है अपने समय का सदुपयोग करना। सदुपयोग का अर्थ है सही उपयोग। कार्य को समझ कर तुरंत कार्य में लग जाना। जीवन में अनेक दबाव आते हैं अनेक व्यस्तताएँ आती हैं । व्यस्तताओं से अधिक मन का आलस घेरता है। व्यवस्थाओं का बहाना बनाकर या आलस्य में घिरकर कार्यों को टाल देता है उसकी सफलता भी टल जाती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच समझकर योजना

पूर्वक कार्यों की ओर निरंतर कदम बढ़ाता है एक न एक दिन ममता उसके चरण चूम लेती है आज के काम को कल पर डालने की प्रवृति सबसे घातक है इस प्रवृत्ति के कारण मन में असंतोष बना रहता है अनेक कार्यों का बोझ बना रहता है और काम को टालने की ऐसी आदत बन जाती है कि शुभ कार्य करने की घड़ी आती ही नहीं।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

2.कौनसी प्रवृत्ति सबसे घातक है?

3.निरंतर का विलोम शब्द लिखिए।

(3)किसी भी काल का समाज साहित्य के प्रभाव से अछूता नहीं रह सकता। समाज की अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए साहित्य पर आश्रित रहना पड़ता है । शाश्वत साहित्य समाज के स्वरूप में परिवर्तन कर देता है ।साहित्य में जो शक्ति छिपी है वह तोप तलवार और बम के गोले में भी नहीं पाई जाती।हिंदी साहित्य कई दौर से होकर गुजरा तदि हम वीरगाथा काल की बात करें तो इसका वातावरण युद्ध और अशांति का था वीरता प्रदर्शन ही जीवन का महत्व था इसकी प्रधान प्रकृति वीर और श्रृंगार की थी इसलिए इस साहित्य की रचना हुई। भक्ति काल के आते-आते विदेशियों का शासन स्थापित हो गया था। निराशा के वातावरण में हमारे देश के जनमानस को भक्ति आंदोलनों की सशक्त लहरों ने जीवनदायिनी शीतलता प्रदान की। इस समय की साहित्य धारा ज्ञान और प्रेम के रूप में प्रवाहित हुई।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

2. निराशा के वातावरण में भक्ति आंदोलनों ने क्या किया?

3. 'शाश्वत' शब्द का एक पर्यायवाची लिखिए।

(4)खेल जीवन की चेतना शक्ति है। संसार में खेलों का प्रावधान नहीं होता तो मानव जीवन चेतना शून्य होता। खेल हमें जीवन में संघर्ष करने और सफलता प्राप्ति की शिक्षा देते हैं। कठिनाइयों पर हंसते-हंसते विजय प्राप्त करने का गुण उत्पन्न करते हैं। जीवन में अनुशासन की शिक्षा खेलों से ही प्राप्त होती है। अनुशासन में रहकर करने का भाव खेलों से ही आता है क्योंकि अनुशासन और सहयोग के बिना खेल चल ही नहीं सकते। भी खेलों से ही मनुष्य में पूर्ण तन्मयता से कार्य करने की लगन उत्पन्न होती है। खेल भावना का विकास होता है इससे सहनशीलता भी आती है। छोटे बच्चे खेल खेल में जीवन के विकास और शिक्षा की कई बातें सीख जाते हैं। खेल और शिक्षा का चोली दामन का साथ है। खुश्दिल बने रहना हो , स्वस्थ और शक्तिशाली बने रहना हो, जीवन के प्रति सकारात्मक नजरिया रखना हो तो दिन में कम से कम एक खेल अवश्य खेलें।

**प्रश्न -**

1. स्वस्थ रहने के अलावा खेलों से और कौन से फायदे हैं?

2. उपर्युक्त  गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

3. 'दृष्टिकोण' का पर्यायवाची उपर्युक्त गद्यांश में से लिखिए।

(5)जनसाधारण में प्रचलित साहित्य लोक साहित्य कहलाता है। यह साहित्य दोन दोनों रूपों लिखित और मौखिक में मिलता है ।यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को परंपरागत रूप से हस्तांतरित हो जाता है। यह जनसाधारण की स्मृति के माध्यम से आगे बढ़ता जाता है। लोक साहित्य में लोक का आचरण, सुख- दुख आदि समाहित रहता है ।इसमें जन्म- मरण पूजा- विवाह शादी में गाने जाने वाले गीत, लोक कथाएं ,लोक नाट्य , लोकोक्तियाँ आदि सम्मिलित हैं। लोक साहित्य की दृष्टि से मध्य प्रदेश बहुत संपन्न  प्रदेश है यहां पर लोक साहित्य दो रूपों में पाया जाता है आंचलिक लोक साहित्य एवं जनजातीय लोक साहित्य। आंचलिक क्षेत्रों और आदिवासी टोलों में लोक साहित्य बिखरा पड़ा है। उस क्षेत्र की सभ्यता और संस्कृति का आईना  लोक साहित्य है तो इसमें कोई अतिशयोक्ति न होगी। लोक साहित्य ही है जो वहाँ के जनजीवन की सहज अभिव्यक्ति करता है। जहां तक लोकगीतों का सवाल है यह गहरी संवेदनाओं से भरे होते हैं, इसमें उस क्षेत्र विशेष की खुशियाँ, आनंद ,दर्द ,संघर्ष सब कुछ बड़ी मधुरता से गाया जाता है।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
2. लोक साहित्य  किन दों रूपो में पाया जाता है?
3. मधुरता का विशेषण लिखिए।

(6)राष्ट्र के प्रति एक विचार ,एक भावना, एक  आस्था से समर्पण व बलिदान की भावना राष्ट्रीय एकता को प्रदर्शित करती है।भिन्न-भिन्न धर्म ,जाति, पंथ व भाषा का होना भारत की एकता व अखण्डता को बनाए रखने में एक बड़ी चुनौती है। भारत की भौगोलिक संरचना ऐसी है कि तीन और समुद्र से घिरा है और एक ओर दुश्मन देशों से।इस हिसाब से देखा जाए तो हमारे देश पर संकट के बादल सदैव मंडराते रहते हैं। ऐसी विषम परिस्थितियों में देशवासियों का एकजुट रहना देश को सुरक्षित रखने के लिए बहुत आवश्यक है। साथ ही यह भी बहुत जरूरी है कि प्रत्येक भारतीय मानसिक एवं वैचारिक एकता सदैव कायम रखें। संविधान के नीति निर्देशक तत्वों तथा न्यायपालिका के आदेशों एवं कानूनों के क्रियान्वयन में देश के प्रत्येक नागरिक को सर्वसम्मति से मानना ही राष्ट्रीय एकता का सूचक है।

**प्रश्न -**

1 . उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
2. राष्ट्रीय एकता का सूचक क्या है?
3. 'लागू करना' का समानार्थी शब्द गद्यांश से लिखिए।

(7)छात्रों को अपने जीवन में योग के महत्व से भलीभांति परिचित होना चाहिए। वैसै तो हर उम्र के व्यक्ति को इसकी जरूरत है। योग शब्द संस्कृत के 'युज्' धातु से बना है जिसका अर्थ है जोड़ना। अर्थात किसी कार्य में स्वयं को लगाना। महर्षि पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों का सर्वथा अभाव ही योग है। छात्र जीवन में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहद जरूरी है। योग साधना की शारीरिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका है इससे अंग' प्रत्यंग की कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, शरीर निरोगी बनता है। आसन व योग से अभी अंग सुचारू रूप से कार्य करते हैं। इसके द्वारा शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी प्राप्त किया जा सकता है। मन की चंचलता को कम कर मानसिक एकाग्रता प्राप्त की जा सकती है इसकी छात्र जीवन में महती आवश्यकता है। प्राणायाम द्वारा छात्रों की स्मरण शक्ति बढ़ती है, तनाव कम होता है ,कुविचार समाप्त होकर सुविचारों का उदय होता है। योग वास्तव में जीवन जीने की कला है जो कि वैज्ञानिक है जो नैतिक और चारित्रिक पक्ष पर भी सकारात्मक प्रभाव छोड़ती है।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
2. 'हर तरह से' के लिए  गद्यांश में कौनसा शब्द प्रयुक्त हुआ है।
3. गद्यांश में प्रयुक्त 'महती' शब्द का समानार्थी लिखिए।

(8)श्रम साधना करने वाले को यश प्राप्त होता है और साथ ही साथ वैभव भी। श्रम करके एक निर्धन परिवार का बालक भी उच्च हो जाता है और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदल देता है श्रम एक ऐसी चीज है जो हमें अलौकिक आनंद की प्राप्ति करवाती तथा उससे हमें परम संतोष का अनुभव होता है श्रम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है सामान्य तौर पर देखा जाता है कि शारीरिक श्रम करने वाले दीर्घजीवी होते हैं। श्रम करने वाला विकट परिस्थितियों में भी नहीं घबराता है। आत्मविश्वास उनका रक्षक बन जाता है। परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है बिना परिश्रम किए किसी को भी सफलता नहीं मिलती है मिल भी जाती है तो वह स्थाई नहीं होती। परिश्रम व्यक्ति में आत्म संतोष और आत्मनिर्भरता की भावना लाता है। एक आलसी व्यक्ति भी आलसी व्यक्ति को पसंद नहीं करता है। इस दुनिया में परिश्रम का कोई विकल्प नहीं ।अतः परिश्रमी बनो।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
2. परिश्रमी का रक्षक कौन होता ?
3. 'कठिन' शब्द गद्यांश में आए किस शब्द का अर्थ हो सकता है।

(9)जीवन का अर्थ है जोश ,उत्साह, साहस ,हिम्मत और जिंदादिली। कहते हैं जिंदगी जिंदादिली का नाम है मुर्दा दिल ख़ाक जिया करते हैं। हलचल हिम्मत साहस जीवन की निशानी है। जो लोग हर क्षण उत्साह की तरंग में रहते हैं उनके जीवन जीने की शैली मनोरम होती है ,जो जीवन के हर खतरे को चुनौती समझ कर झेलते हैं। उनका जीवन उत्सव जैसा बन जाता है उन्हें हर क्षण नया काम मिला रहता है वे अपने

मन में और नवीनता का अनुभव करते हैं वे कभी मन में निराशा और ग्लानि महसूस नही करते। बल्कि उन्हें खतरों से जूझते हुए भी हर्ष और आत्मिक संतोष का अनुभव होता है। इसके विपरीत कायर और आलसी  लोग हर रोज कई बार मरते हैं। उन्हें पग-पग पर अपमान सहना पड़ता है। यदि मनुष्य सोच ले कि उसे जीवन साहस हिम्मत और जिंदादिली से जीना है तो फिर जीवन इतना सुहावना होता है कि जीवन से मृत्यु का भय भी निकल जाता है।

**प्रश्न -**

1. मनुष्य के लिए जीवन उत्सव कब बनता है?
2. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
3. 'संतोष' शब्द का विशेषण लिखिए।

(10) राष्ट्रीय चरित्र का विकास ही प्रजातंत्र का आधार है। किसी भी राष्ट्र की नींव उसके राष्ट्रवासियों के चरित्र पर आधारित होती है। जिस राष्ट्र के नागरिकों का चरित्र जितना महान होगा उस राष्ट्र का भविष्य भी उतना ही उज्जवल होगा । चरित्र केवल मात्र एक शब्द नहीं है या केवल एक गुण नहीं है यह अपने साथ अनेक विशेषताएं लिए हुए हैं। एक चरित्रवान व्यक्ति अपने चारों तरफ के माहौल को सुंदर बनाता है । चारित्रिक गुणों के विकास से ही भ्रष्टाचारी ,बेईमानी, मिलावट खोरी जैसे अपराधों से मुक्ति मिल सकती है।एक महत्वपूर्ण बात है कि प्रजातंत्र के क्रियान्वयन में राष्ट्र के चरित्र की रक्षा आवश्यक है क्योंकि चरित्र से नैतिकता का विकास होता है नैतिकता प्रजातंत्र की रक्षा कर उसे सफल बनाती है। राष्ट्रीय चरित्र से राष्ट्र के गौरव में वृद्धि होती है यही कारण है कि भारत अपने राष्ट्रीय चरित्र के नाम पर विश्व के  समक्ष अपना मस्तक ऊपर किए हुए हैं।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
2. प्रजातंत्र को सफल कौन बनाता है?
3. 'छुटकारा' गद्यांश में प्रयुक्त हुए किस शब्द का अर्थ हो सकता है?

# अपठित काव्यांश

1) बादल, गरजो!  
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!  
ललित ललित, काले घुँघराले,  
बाल कल्पना के से पालि,

वज छिपा, नूतन कविता,

फिर भर दो-बादल, गरजो!

प्रश्न-

i काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii नूतन शब्द का पर्यायवाची लिखिए ।

iii उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

2) अट नहीं रहीं है,

आभा फागुन की

तन सट नहीं रहीं है।

प्रश्न-

i काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii आभा शब्द का पर्यायवाची लिखिए ।

iii उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

3) छाया मत छूना मन, होगा दुख दूना।

जीवन में हैं सुरंग सुधियाँ सुहावनी'

छवियों की चित्र- गंध फैली मनभावनी:

तन- सुगंध शेष रहीं, बीत गई यामिनी,

कुंतल के फूलों की याद बनी चाँदनी।

भूली-सी एक छुअन बनता हर जीवित क्षण

प्रश्न-

i काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii यामिनी शब्द का पर्यायवाची लिखिए।

iii उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

4) माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए हैं
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

प्रश्न-

i काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii माँ ने क्या सलाह दी ?

iii उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

---------xxxx--------

# इकाई - 8

# पत्र - लेखन

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 8 | पत्र लेखन – औपचारिक/अनौपचारिक पत्र | 04 | ---- | ----- | ----- | 01 | ---- | 01 |

1. परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के बजाने पर रोक लगाने हेतु जो जिलाधीश को प्रार्थना पत्र लिखिए।
2. बड़ी बहन के विवाह में आमंत्रित करने हेतु मित्र को पत्र लिखिए।
3. नगर निगम नगर पालिका अध्यक्ष को नियमित सफाई ना होने पर एक शिकायती पत्र लिखिए।
4. अपने मित्र को गर्मी की छुट्टियों में पचमढ़ी भ्रमण हेतु साथ आने लिए पत्र लिखिए।
5. नगर पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखिए सूचित कीजिए कि मोहल्ले में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है ,पुलिस गश्त बढ़ाई जाए।
6. आवास में रहने वाले छोटे भाई को प्रतिदिन व्यायाम करने की सलाह देते हुए योग योग महत्व बताते हुए एक पत्र लिखिए।
7. शाला शुल्क से मुक्ति हेतु विद्यालय के प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए।
8. हाईस्कूल परीक्षा में मेरिट में स्थान बनाने के लिए अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।
9. सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए।
10. अपने पिताजी को अपनी परीक्षा की तैयारी के विषय में पत्र लिखिए।

# इकाई - 9

# निबन्ध लेखन -

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तु निष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 9 | • निबन्ध लेखन (रूपरेखा सहित) | 04 | ---- | ----- | ----- | 01 | ---- | 01 |

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए-**

1. जीवन में खेलों का महत्व
2. जल ही जीवन है
3. वर्तमान समय में कंप्यूटर की उपयोगिता।
4. आदर्श व्यक्तित्व महात्मा गांधी ।
5. विद्यालय का वार्षिकोत्सव
6. स्वच्छ भारत अभियान
7. श्रम का महत्व
8. भारतीय नारी के हर क्षेत्र में बढ़ते कदम ।
9. विद्यार्थी जीवन और अनुशासन
10. मातृभाषा का महत्व
11. बाल मजदूरी
12. मेरे सपनों का भारत
13. मेरे प्रिय शिक्षक
14. बुजुर्गों की समस्या
15. वनों का महत्व
16. 20-20 क्रिकेट
17. महानगरीय जीवन

18. बागवानी
19. जीवन में मित्रों का महत्व
20. वीडियो गेम

**---------xxxx--------**